■ ज्येष्ठ कृष्णा - 9 ■ संवत 2082 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 291 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 21-05-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण जरूरी
6 आतंक को हर हाल में करना होगा परास्त
7 मोहमद रफी ने मेरे कैरियर को दिया आकार : सोनू निगम

## फर्स्ट टेक

### तुर्किये, अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई/भाषा।** वीजा आवेदन से संबंधित मंच एटलीस ने मंगलवार को कहा कि हाल के घटनाक्रमों के बाद भारतीय यात्रियों द्वारा तुर्किये और अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की गिरावट आई है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद उक्त दोनों देशों ने सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान को समर्थन दिया था। एटलीस ने कहा कि भारतीय यात्रियों ने तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा से बचने का फैसला करके तेजी से प्रतिक्रिया दी है। इस मंच ने कहा कि सिर्फ 36 घंटों के भीतर 60 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने वीजा आवेदन प्रक्रिया को बीच में ही छोड़ दिया।

### खुफिया ब्यूरो के प्रमुख तपन कुमार डेका को एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** खुफिया ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख तपन कुमार डेका को मंगलवार को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया जो जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी मिली। डेका हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं। आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने खुफिया ब्यूरो के निदेशक के रूप में डेका की सेवा में एक वर्ष के विस्तार को मंजूरी दे दी है जो 30 जून 2025 से लागू होगी।

### रूस-यूक्रेन शांति समझौते की उम्मीदें धूमिल

**कीव/एपी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस और यूक्रेन के नेताओं के साथ फोन पर बातचीत किए जाने से यह उम्मीद बढ़ गई है कि इन देशों के बीच तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में जल्द ही प्रगति हो सकती है, हालांकि वार्ता की धीमी गति और किसी महत्वपूर्ण सफलता के अभाव के चलते निराशा ने उम्मीदों को कम कर दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने मंगलवार को टेलीग्राम पर कहा, ''यह स्पष्ट है कि रूस युद्ध और कब्जे को जारी रखने के लिए समय खींचने की कोशिश कर रहा है।'' उन्होंने रूस पर और अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, ''हम रूस पर दबाव डालने के लिए साझेदारों के साथ काम कर रहे हैं।'' यूक्रेन ने 30 दिन के व्यापक युद्धविराम की पेशकश की है, जिसे मॉस्को ने अस्वीकार कर दिया है। जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने बैठक का प्रस्ताव रखा था, लेकिन रूसी नेता ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

| 21-05-2025 सूर्यास्त | 22-05-2025 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:28 बजे | 5:42 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,186.44 | 24,683.90 |
| (-872.98) | (-261.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 9,890 रु. | 109,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### शक्ति का श्रेय

सैनिक वैज्ञानिक विद्वतजन के,
कृत्य सभी को रहे प्रेय।
गौरवान्वित इनसे राष्ट्र सदा,
समृद्ध और होता अजेय,
सबका ही है इसमें प्रयास,
ना किसी एक को मिले श्रेय।
करना इसमें भी राजनीति,
सचमुच लगता है बहुत हेय।।

# समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों का मूल है : मोदी

■ 'ग्लोबल साउथ' स्वास्थ्य चुनौतियों से प्रभावित, भारत का दृष्टिकोण टिकाऊ मॉडल प्रस्तुत करता है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। मोदी ने रेखांकित किया कि भारत का दृष्टिकोण 'ग्लोबल साउथ' की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए अनुकरणीय, विस्तार योग्य और टिकाऊ मॉडल प्रस्तुत करता है।

आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों या विकासशील देशों को संदर्भित करने के लिए 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने जिनेवा में आयोजित विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को दिये वीडियो संदेश में इस वर्ष की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एक विश्व' को रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के



दृष्टिकोण के अनुरूप है।

मोदी ने विश्व स्वास्थ्य सभा-2023 में अपने संबोधन को याद किया, जिसमें उन्होंने 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की बात की थी और बताया था कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों का मूल है। उन्होंने आयुष्मान भारत पर प्रकाश डाला, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके जरिये 58 करोड़ लोगों को मुफ्त उपचार मुहैया कराई जाती है।

हाल ही में इस कार्यक्रम का विस्तार कर इसे 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने भारत में हजारों स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों के व्यापक नेटवर्क का उल्लेख किया, जो कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की शीघ्र जांच और पता लगाने में सहायता करते हैं।

मोदी ने हजारों सरकारी दवा दुकानों की भूमिका को भी रेखांकित किया जो काफी कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराती हैं।

प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का उल्लेख करते हुए भारत की डिजिटल पहलों को रेखांकित किया, जिनमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण पर नजर रखने वाला डिजिटल मंच और एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्रणाली शामिल है, जो लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एक स्थान पर रखने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन की वजह से कोई भी व्यक्ति चिकित्सक से ज्यादा दूर नहीं है।

प्रधानमंत्री ने भारत की निःशुल्क टेलीमेडिसिन सेवा को रेखांकित किया, जिसके जरिये 34 करोड़ से अधिक परामर्श संभव हो पाए हैं। उन्होंने भारत की स्वास्थ्य पहलों के सकारात्मक प्रभाव को भी रेखांकित करते हुए कहा कि लोगों द्वारा इलाज पर अपनी जेब से खर्च की जाने वाली राशि में उल्लेखनीय कमी है।

प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि स्वास्थ्य व्यय में सरकार की ओर से काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ''विश्व का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों की देखभाल कितनी अच्छी तरह करते हैं।''



# कर्नाटक में हमने सभी पांच 'गारंटी' पूरी कीं : राहुल गांधी

■ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहती है कि धन और संसाधन चुनिंदा अमीर लोगों के पास जाएं, जबकि कांग्रेस चाहती है कि धन गरीबों के पास जाए : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विजयनगर (कर्नाटक)/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक में अपनी पार्टी की सरकार के दो साल पूरा होने के मौके पर उसकी उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जिन पांच 'गारंटी' का वादा किया गया था, उन्हें पूरा किया गया है। उन्होंने यहां आयोजित 'समर्पण संकल्प रैली' को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहती है कि धन और संसाधन चुनिंदा अमीर लोगों के पास जाएं, जबकि कांग्रेस चाहती है कि धन गरीबों के पास जाए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, ''आज कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की सरकार को 2 साल पूरे हुए हैं। हमने चुनाव के समय कर्नाटक की जनता से वादे किए थे। हमने जनता को 5 गारंटी दी थीं। तब नरेंद्र मोदी और भाजपा के लोगों ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी ये काम नहीं कर पाएगी।'' उन्होंने कहा कि पहली गारंटी 'गृहलक्ष्मी' योजना के तहत 2,000 रुपए प्रति महीना एक करोड़ महिलाओं को दिए जा रहे हैं। उनका कहना था, '' आज मैं ख़ुशी से कह सकता हूं कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार करोड़ों महिलाओं के खाते में पैसा डालती है।''

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''दूसरी गारंटी 'गृह ज्योति' के तहत करोड़ों परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। हमने जनता को दिया ये वादा भी पूरा किया। तीसरी गारंटी 'अन्न भाग्य योजना' के तहत चार करोड़ लोगों को 10 किलो अनाज दिया जा रहा है। आज कर्नाटक में करोड़ों परिवारों को इस योजना से अनाज मिलता है।'' उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि चौथी गारंटी 'शक्ति' योजना के अंतर्गत महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी जा रही है तथा इसके जरिये तकरीबन 500 करोड़ बस ट्रिप कर्नाटक सरकार द्वारा मुफ्त दी गई हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि पांचवी गारंटी 'युवा निधि' के तहत कांग्रेस सरकार राज्य के तीन लाख युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पात्र लाभार्थियों को एक लाख से अधिक भूमि-पट्टों का वितरण कांग्रेस सरकार द्वारा पूरी की गई छठी गारंटी है।



# राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई को हराकर आईपीएल से विदा ली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वैभव सूर्यवंशी के 33 गेंद में 57 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने अपने आखिरी मैच में मंगलवार को महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को विकेट से हराकर आईपीएल से विदा ली। जीत के लिये 188 रन का लक्ष्य रॉयल्स ने 17.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ रॉयल्स अब 13 मैचों में आठ अंक लेकर दस टीमों में नौवें स्थान पर है जबकि चेन्नई 12 मैचों में आठ अंक के साथ आखिरी स्थान पर है और उसे एक पायदान ऊपर आने के लिये अब अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

कोच राहुल द्रविड़ की खोज चौदह वर्ष और 54 दिन के सूर्यवंशी उस समय पांच दिन के थे जब धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2011 में वनडे विश्व कप जीता था। धोनी के प्रशंसकों से भरे अरूण जेटली स्टेडियम पर ऐसी साहसिक पारी खेलकर उन्होंने साबित कर दिया कि बदलाव के दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।

यही बात चेन्नई के आयुष म्हात्रे के लिये भी कही जा सकती है जिन्होंने खराब शुरूआत से चेन्नई को निकालकर आठ विकेट पर 187 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

रॉयल्स को यशस्वी जायसवाल से आक्रामक शुरूआत मिली लेकिन वह चौथे ओवर में अंशुल कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# मॉनसून के चार से पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना : आईएमडी

**नई दिल्ली/भाषा।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के अगले चार से पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है, जो मॉनसून के आने की एक जून की सामान्य तिथि से पहले है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान जताया था कि मॉनसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, अगर मॉनसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर सबसे जल्दी दस्तक देने वाला मॉनसून होगा। 2009 में मॉनसून 23 मई को आया था। आईएमडी ने मंगलवार दोपहर को अद्यतन जानकारी देते हुए कहा, ''अगले चार से पांच दिनों में केरल में मॉनसून के दस्तक देने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है।'' आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मॉनसून एक जून तक केरल पहुंचता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से लौटना शुरू हो जाता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

# पाकिस्तान हाफिज सईद, लखवी को हमारे हवाले करे : भारतीय राजदूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**यरुशलम/भाषा।** इजराइल में भारत के राजदूत जे पी सिंह ने कहा है कि जैसे अमेरिका ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर हुसैन राणा को भारत को सौंपा था उसी तरह पाकिस्तान को प्रमुख आतंकवादियों हाफिज सईद, साजिद मीर और जकीउर रहमान लखवी को भारत को सौंप देना चाहिए।



सिंह ने आतंकवाद को वैश्विक खतरा बताते हुए इसके खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने का भी आह्वान किया।

इजराइली टीवी चैनल 'आई24' को सोमवार को दिए गए साक्षात्कार में सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' 'रोका गया' है, यह ''खत्म नहीं हुआ है''। उन्होंने इस संबंध में घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी कि भारत को कार्रवाई क्यों करनी पड़ी और कहा कि यह अभियान पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी संगठनों के खिलाफ था।

भारतीय राजदूत ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले को लेकर कहा, ''आतंकवादियों ने लोगों को उनके धर्म के आधार पर मारा। उन्होंने लोगों को मारने से पहले उनसे उनके धर्म के बारे में पूछा और 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली।''

# नेपाल में 4.7 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू/भाषा।** पश्चिमी नेपाल के कास्की जिले में मंगलवार दोपहर को 4.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया।

राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र काठमांडू से करीब 250 किलोमीटर दूर कास्की जिले के सिनुवा क्षेत्र में था, जो अपराह्न 1.59 बजे दर्ज किया गया। भूकंप के झटके पड़ोसी जिलों तनहु, पर्वत और बागलुंग में भी महसूस किए गए।

भूकंप के कारण किसी प्रकार के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

इससे पहले 14 मई को पूर्वी नेपाल के सोलुकुंभू जिले के छेस्कम क्षेत्र में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था।


# ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका में 'नरसंहार' का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बोथाविल (द. अफ्रीका)/एपी।** दक्षिण अफ्रीका के किसानों ने वहां कृषि क्षेत्र पर हुए हमलों की याद में बनाए गए स्मारक का दौरा किया और इस हमले में मारे गए श्वेत और काले दोनों वर्ग के अफ्रीकी किसानों को श्रद्धांजलि दी।

यह कार्यक्रम ऐसे समय में आयोजित किया गया है जब इस सप्ताह ही दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरील रामाफोसा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वहां जा रहे हैं। अफ्रीकी किसान अमेरिका की नई शरणार्थी नीति के केंद्र में हैं।

बोथाविल में आयोजित कृषि मेले में अनाज से लेकर



बंदूकों तक की प्रदर्शनी लगाई गई और मेले में हजारों किसान एकत्र हुए। कार्यक्रम में कुछ रूढ़िवादी श्वेत अफ्रीकी समूहों ने भी ट्रंप प्रशासन के उन 'नरसंहार' और भूमि अधिग्रहण के दावों को खारिज कर दिया जिनका हवाला देकर ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका को दी जाने वाली सभी वित्तीय सहायता में कटौती कर दी थी।

दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत नेता दिवंगत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने 25 साल पहले बोथाविल में खड़े होकर दशकों से चली आ रही रंगभेद की नस्लीय व्यवस्था के बाद के शुरुआती वर्षों में किसानों पर बढ़ते हिंसक हमलों को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, ''लेकिन हमारे खेतों पर अपराध की जटिल समस्या, अन्य जगहों की तरह, दीर्घकालिक समाधान की मांग करती है।''

कृषि मेले में कुछ लोगों ने कहा कि देश छोड़कर भागना किसी तरह का समाधान नहीं है।

कृषि मंत्री जॉन स्टीनहुइसन ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, ''मुझे वाकई उम्मीद है कि राष्ट्रपति सिरील रामाफोसा वाशिंगटन की आगामी यात्रा के दौरान अपने समकक्ष के सामने तथ्य रखने में सक्षम होंगे और यह प्रदर्शित करेंगे कि दक्षिण अफ्रीका में भूमि का कोई बड़े पैमाने पर अधिग्रहण नहीं हो रहा है और कोई नरसंहार नहीं हो रहा है।''

# पीओके की लीपा घाटी में पाकिस्तान का सैन्य बुनियादी ढांचा नष्ट, पुनर्निर्माण में लगेंगे कई महीने


'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मई के दूसरे सप्ताह में संघर्ष विराम उल्लंघन के जवाब में भारतीय सेना ने इस पाकिस्तानी सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तंगधार (जम्मू कश्मीर)/भाषा।** भारतीय सेना की चिनार कोर ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लीपा घाटी में सैन्य बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

भारतीय सेना के अधिकारियों का अनुमान है कि बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में पाकिस्तान को आठ से 12 महीने लगेंगे।

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक अग्रिम गांव तंगधार में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 'पीटीआई-भाषा' द्वारा किए गए



दौरे के दौरान इस विनाश के निशान स्पष्ट रूप से देखे जा सकते थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मई के दूसरे सप्ताह में संघर्ष विराम उल्लंघन के जवाब में भारतीय सेना ने इस पाकिस्तानी सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था।

भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने कम से कम तीन चौकियों, एक गोला-बारूद डिपो, ईंधन भंडारण केंद्र और तोपखाना समेत अन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। हमारी जवाबी कार्रवाई इतनी विनाशकारी थी कि पाकिस्तान को इसे फिर से बनाने में कम से कम आठ से 12 महीने लगेंगे, संभवतः इससे भी अधिक समय लगेगा।''

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने के लिए हवाई प्लेटफॉर्म सहित भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, लेकिन कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए। अन्य अधिकारी ने कहा, ''हमारी स्वदेशी रूप से विकसित आकाशदीप रडार प्रणाली ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि हमारी वायु रक्षा तोपों ने उनके हवाई प्लेटफॉर्म को बेअसर कर दिया। हमारा सैन्य बुनियादी ढांचा बरकरार है, जबकि दुश्मन का ढांचा नष्ट हो गया है।''



# प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यटन क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को देश के पर्यटन क्षेत्र में कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए यहां एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पर्यटन मंत्रालय में उनके सहायक मंत्री सुरेश गोपी, केंद्रीय पर्यटन सचिव वी विद्यावती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए आज एक बैठक की अध्यक्षता की।'' प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अपने यूट्यूब पेज पर इस बैठक का एक छोटा वीडियो भी साझा किया। शेखावत ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पर्यटन क्षेत्र में प्रगति का आकलन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में भाग लिया। भारत को एक शीर्ष वैश्विक पर्यटन स्थल बनाने के हमारे प्रयासों को उनके दूरदर्शी नेतृत्व से मार्गदर्शन मिलता है।'' केंद्रीय पर्यटन मंत्री के कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में पर्यटन मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान पर्यटन क्षेत्र की व्यापक रूपरेखा पर चर्चा करने के अलावा मंत्रालय की दो प्रमुख योजनाओं – प्रसाद (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) और स्वदेश दर्शन – पर भी चर्चा हुई।

# विदेश सचिव मिसरी ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को जानकारी दी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को विभिन्न देशों को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विदेश यात्रा पर जा रहे सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से तीन को पाकिस्तान द्वारा भारत में लंबे समय से आतंकवाद को प्रायोजित करने के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि यह देश किस प्रकार अपनी धरती पर किसी भी आतंकवादी घटना का कड़ा जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनता दल (यूनाइटेड) के नेता संजय झा ने कहा, ''वैश्विक नेताओं को हमारा संदेश यह होगा कि अब बहुत हो चुका और जब भी भारत ने अतीत में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के बारे में पाकिस्तान की बातों पर भरोसा किया है, तो उसने ऐसा व्यवहार किया है, मानो किसी चोर से उसके अपने अपराध की जांच करने को कहा गया हो।''

झा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा करेगा।

संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अफ्रीकी देशों की यात्रा पर जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे ने कहा कि वे भारत में आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान के संबंधों को उजागर करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, मिसरी ने सांसदों और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों को बताया कि भारत की कार्रवाई पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर की गई थी, न कि सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिकों के खिलाफ। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक आबादी पर हमला करने के प्रयासों के बाद ही भारत ने जवाबी कार्रवाई की।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद संबंधित चीजों की जानकारी दी।

जद(यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और द्रमुक की कनिमोई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने 'ब्रीफिंग' में भाग लिया, जिसमें उन्हें उनके एजेंडे और उसके विस्तृत विवरण के बारे में बताया गया। हालांकि, कनिमोई बैठक में शामिल नहीं हो सकीं।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी भी बैठक में शामिल हुए, जिन्हें अंतिम समय में प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया, क्योंकि उनकी पार्टी ने अपने सांसद यूसुफ पठान को सरकार द्वारा चुने जाने के ''एकतरफा'' फैसले का विरोध किया था।



# मध्यप्रदेश में 'राहवीर योजना' लागू

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर 25,000 रु का इनाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश सरकार ने सड़क हादसों में घायल लोगों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार की 'राहवीर योजना' को लागू करने के बारे में मंगलवार को औपचारिक घोषणा की। इस योजना के तहत ऐसे लोगों को 25,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा जो सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाएंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा महल में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में यह फैसला किया गया।

सूबे के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया,हमने सड़क हादसों में घायल लोगों की जान बचाने के लिए राहवीर योजना लागू करने का फैसला किया है। अगर कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाएगा, तो उसे इस योजना के तहत सरकार की ओर से 25,000 रुपए का इनाम दिया जाएगा।''

विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश सरकार पुलिस को निर्देश देगी कि सड़क हादसों में घायल हुए व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को पूछताछ के नाम पर परेशान न किया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 'राहवीर योजना' में प्रावधान है कि यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उसके 'गोल्डन-ऑवर' (शुरुआती एक घंटे) में अस्पताल पहुंचाता है और उसकी जान बच जाती है, तो उसे 25,000 रुपए का इनाम दिया जाएगा जो पूर्व में 5,000 रुपए था।

# मंगलूरु जिला जेल में कैदियों के बीच झड़प में एक घायल, मामला दर्ज

## कैदियों के दो समूह में किसी बात को लेकर हुआ विवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मंगलूरु।** मंगलूरु जिला जेल में सोमवार शाम विचाराधीन कैदियों के दो गुटों के बीच झड़प में एक कैदी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना तब शुरू हुई जब विचाराधीन कैदियों के दो समूह में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। उसने बताया कि इसके बाद दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई और कथित तौर पर पथराव भी किया गया, इस घटना में एक विचाराधीन कैदी घायल हो गया।

मुख्य जेलर ने विचाराधीन कैदियों के खिलाफ मंगलूरु पूर्व पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजीव चंद्रशेखर की मानहानि याचिका पर उच्च न्यायालय ने शशि थरूर से जवाब मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कांग्रेस नेता शशि थरूर से भारतीय जनता पार्टी नेता राजीव चंद्रशेखर द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर जवाब देने को कहा।

न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा चार फरवरी को चंद्रशेखर के आपराधिक मानहानि मामले को खारिज करने के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका पर थरूर को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है।

अदालत ने कहा, ''प्रतिवादी को नोटिस जारी करें। निचली अदालत को 'बुकमार्किंग' के साथ डिजिटल रूप में रिकॉर्ड मांगा जाए।'' चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि थरूर ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर झूठे और अपमानजनक बयान देकर उन्हें बदनाम किया कि भाजपा नेता ने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को 'रिश्वत' दी। चंद्रशेखर के अनुसार, थरूर ने ये आरोप उनकी प्रतिष्ठा को कम करने और पिछले आम चुनावों के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से लगाए थे, जबकि उन्हें अच्छी तरह से पता था कि ये बयान झूठे थे। चंद्रशेखर की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि अधीनस्थ अदालत ने सबूतों को नजरअंदाज कर यह निर्णय दिया कि मानहानि का कोई मामला नहीं बनता। उन्होंने कहा कि यहां तक कि तिरुवनंतपुरम के उप जिलाधिकारी और आदर्श आचार संहिता के नोडल अधिकारी ने भी थरूर के बयानों के खिलाफ शिकायत पर उनके असत्यापित बयानों पर 'कड़ी चेतावनी' जारी की थी और मीडिया से आपत्तिजनक सामग्री को हटाए जाने का निर्देश दिया था।

# सरकार ने 290 लाख टन गेहूं खरीदा, कुल खरीद 320-325 लाख टन होने की उम्मीदः प्रहलाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने इस साल अब तक 290 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है और रिकॉर्ड उत्पादन के चलते यह आंकड़ा 320-325 लाख टन तक भी पहुंच सकता है।

विपणन वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में कुल गेहूं खरीद 265.9 लाख टन रही। ज्यादातर खरीद अप्रैल-जून की अवधि के दौरान होती है। जोशी ने यहां एक सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''हमने अब तक 290 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है। खरीद अभियान अभी भी जारी है। हम 320-325 लाख टन के आंकड़े तक पहुंच सकते हैं।'' सरकार ने विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 312 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है। भारत में फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में 11.53 करोड़ टन गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है। गेहूं निर्यात की अनुमति दिये जाने के बारे में पूछे जाने पर जोशी ने कहा कि खरीद सत्र समाप्त होने के बाद स्टॉक की स्थिति का आकलन करने के बाद वह इस मुद्दे पर अन्य मंत्रालयों से परामर्श करेंगे। सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय खाद्य निगम और राज्य एजेंसियां केंद्रीय पूल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदती हैं। एफसीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि गेहूं खरीदने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों- पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश- ने पिछले साल की तुलना में चालू वर्ष में अधिक गेहूं खरीदा है।

# देश में उपग्रह संचार नेटवर्क की शुरुआत सबसे तेज होने की उम्मीद : सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत में उपग्रह संचार नेटवर्क की सबसे तेज शुरुआत होने जा रही है और 2028 तक इसका बाजार करीब दस गुना बढ़कर 20 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार नियामक ट्राई ने उपग्रह संचार स्पेक्ट्रम के मानदंडों पर अपने विचार दिये हैं और अब सरकार को सिफारिशों की समीक्षा करनी है और नीति को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा, ''... हम इस नीति को जल्द-से-जल्द आगे बढ़ाने के लिए बहुत उत्सुक हैं, ताकि अब वे (ट्राई) अपना काम पूरा कर लें, इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी है।'' सिंधिया ने कहा कि उपग्रह प्रौद्योगिकी मौजूदा दूरसंचार सेवाओं की पूरक है। उन्होंने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा आयोजित विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ट्राई ने उपग्रह संचार स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन के लिए नियम बनाये हैं और कई इकाइयों ने लाइसेंस लिया है। सिंधिया ने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि उपग्रह नेटवर्क की यह शुरुआत भी आने वाले वर्षों में दुनिया में सबसे तेज होगी। इसका बाजार मौजूदा 2.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2028 तक लगभग 20 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है।

# मोदी सरकार के सुरक्षा मुहैया नहीं कराने के कारण पहलगाम में 26 लोग मारे गए : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विजयनगर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 पर्यटक मारे गए, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वहां सुरक्षा मुहैया नहीं कराई थी। खरगे ने अपना दावा दोहराया कि पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमले से पहले खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद मोदी ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था।

इसके अलावा, उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस मामले में कांग्रेस से चर्चा नहीं की गई। केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस सांसद शशि थरूर को प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए चुनने से विवाद पैदा हो गया है, क्योंकि विपक्षी पार्टी द्वारा नामित चार सांसदों में उनका नाम शामिल नहीं था।

खरगे ने आरोप लगाया, पहलगाम में 26 लोगों की हत्या इसलिए हुई क्योंकि मोदी सरकार ने वहां सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। वहां गए पर्यटकों को पुलिस, सीमा (सुरक्षा) बल या सेना की ओर से सुरक्षा नहीं दी गई। यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 26 लोग मारे गए, लेकिन फिर भी मोदी ने इसके (सुरक्षा की कमी के) बारे में एक शब्द नहीं बोला और केवल वही बोला जो वह बोलना चाहते थे।

खरगे ने कहा कि हाल में उठाए गए उनके सवालों के जवाब उन्हें अभी तक नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को 17 अप्रैल को कश्मीर जाना था, लेकिन खुफिया विभाग ने वहां संभावित दिक्कत का हवाला देते हुए उन्हें वहां न जाने और यात्रा रद्द करने को कहा।

मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए खरगे ने कहा, जब आपको यह पता था 'जब आपने 17 अप्रैल को कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया था' तो आपने पुलिस के माध्यम से पर्यटकों को इसके बारे में क्यों नहीं बताया? आपने उनसे (पर्यटकों) क्यों नहीं कहा कि वे वहां न जाएं, क्योंकि वहां कुछ परेशानी हो सकती थी? अगर आपने उन्हें बताया होता, तो 26 लोगों की जान बच जाती।''

वह कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में, पात्र लाभार्थियों को 1.11 लाख से अधिक भूमि-अधिकार पत्र वितरित किए गए, जिनकी ''बिना दस्तावेज वाली बस्तियों'' को राजस्व गांव घोषित किया गया है।

# उद्योग को आरबीआई से बहुत जल्द ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदः पीएचडीसीसीआई



**नई दिल्ली/भाषा।** उद्योग जगत को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बहुत जल्द ब्याज दरों में कटौती करेगा। पीएचडीसीसीआई के महासचिव और सीईओ रंजीत मेहता ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि 6.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है। उन्होंने देश के सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष आने वाली तीन प्रमुख चुनौतियों का भी जिक्र किया, जिसमें किफायती वित्त, प्रौद्योगिकी और बाजार तक पहुंच शामिल है।

मेहता ने कहा, ''जहां तक दरों का सवाल है, मुझे लगता है कि आरबीआई ने निश्चित रूप से इस पर गौर किया है। उन्होंने रेपो दर कम कर दी है। लेकिन हम, इस पर आरबीआई के अगले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। उद्योग को उम्मीद है कि जब मुद्रास्फीति आरबीआई के लक्षित दायरे में है, तो भविष्य में बहुत जल्द दरों में कमी होगी।'' आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगली समीक्षा बैठक 4-6 जून को होनी है।

मेहता ने यह भी बताया कि पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया है।

# सरकार दिवाला कानून में संशोधन की कर रही तैयारी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार दिवाला कानून में संशोधन करने पर काम कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समय बोलीदाताओं को समाधान योजना के लिए ऋणदाताओं की समिति से संपर्क करने से पहले भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी लेने होती है। अब इससे संबंधित प्रावधान में संशोधन किया जा सका है।

दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) दबाव वाली परिसंपत्तियों के समयबद्ध समाधान का प्रावधान करती है और इस प्रक्रिया में ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है।

दिवाला पारिस्थितिकी तंत्र को और बेहतर बनाने के साथ ही समाधान समयसीमा को कम करने के लिए कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय आईबीसी में संशोधन करने पर काम कर रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना को हवाई रक्षा प्रणाली तैनात करने की अनुमति नहीं दी गई : एसजीपीसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमृतसर/भाषा।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान से संभावित ड्रोन और मिसाइल खतरों से निपटने के लिए स्वर्ण मंदिर के भीतर हवाई रक्षा प्रणाली तैनात करने की भारतीय सेना को कोई अनुमति नहीं दी गई थी। स्वर्ण मंदिर के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी और एसजीपीसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने भी कहा कि हालांकि प्रशासन ने उनसे भारत व पाकिस्तान के बीच हाल ही में बढ़े तनाव के बाद 'ब्लैकआउट' के दौरान केवल लाइटें बंद करने के बारे में ही संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने 'मर्यादा' संबंधी शुचिता बनाए रखते हुए प्रशासनिक जिम्मेदारी के हित में पूरा सहयोग किया। वे उन खबरों का हवाला दे रहे थे कि गुरुद्वारा प्रबंधन ने सेना को स्वर्ण मंदिर के भीतर हवाई रक्षा प्रणाली तैनात करने की अनुमति दे दी थी। सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। धामी ने कहा कि श्री हरमंदर साहिब में हवाई रक्षा प्रणाली की तैनाती के संबंध में किसी भी सैन्य अधिकारी से कोई संपर्क नहीं हुआ। श्री हरमंदर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रघबीर सिंह ने भी स्पष्ट किया कि यद्यपि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वह विदेश यात्रा पर थे, लेकिन हवाई रक्षा प्रणाली की तैनाती के संबंध में उनसे कोई बातचीत नहीं हुई और न ही स्वर्ण मंदिर में ऐसी कोई घटना घटी।

# नियामकीय मंजूरी में देरी से अनिश्चितता उत्पन्न हो सकती है : वित्त मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि नियामकीय मंजूरी में देरी से अनिश्चितता उत्पन्न हो सकती है और वाणिज्यिक समयसीमा बाधित हो सकती है, क्योंकि भारत, अमेरिका सहित विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

सीतारमण ने कहा कि यह जरूरी है कि नियामकीय ढांचे, कठोर निगरानी बनाए रखते हुए उन संयोजनों के लिए त्वरित एवं निर्बाध मंजूरी की सुविधा भी प्रदान करें जो प्रतिस्पर्धा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। सीसीआई के 16वें वार्षिक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सीतारमण ने कहा कि नियामक उदारीकरण की भावना की रक्षा करने तथा इसकी ज्यादतियों पर अंकुश लगाने में एक प्रमुख संस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिस्पर्धा से दक्षता बढ़ती है, नवोन्मेषण को बढ़ावा मिलता है तथा उपभोक्ताओं को लाभ मिलता है। प्रतिस्पर्धी बाजारों के पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि न केवल व्यावसायिक आचरण बल्कि सरकारी नीतियों, कानूनों एवं विनियमों को भी प्रतिस्पर्धा को प्रभावित नहीं करना चाहिए। यह प्रवेश बाधाएं, लाइसेंसिंग मानदंड या खरीद नियम भी विकृति उत्पन्न कर सकते हैं। सीतारमण ने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी और तेज गति वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था में नियामकीय मंजूरी में देरी से अनिश्चितता उत्पन्न हो सकती है, वाणिज्यिक समयसीमा बाधित हो सकती है और संभावित रूप से लेनदेन के मूल्य में कमी आ सकती है। मंत्री ने कहा, '' वैश्विक स्तर पर, इसका प्रभाव तब भी पड़ता है जब हम विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करते हैं क्योंकि निवेशकों की नजर नियामकों की क्षमता, चपलता एवं तत्परता पर होती है। मुझे इसके महत्व को रेखांकित करने की कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन जब आप उचित समय के भीतर कुछ मुक्त व्यापार समझौतों पर सहमति बनाने की बात करते हैं, तो इसके बेहद गंभीर मायने होते हैं।''

# जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर से एनआईए, आईबी की पूछताछ : पुलिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) और सैन्य खुफिया अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं, जिसे पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हाल में गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। पुलिस ने बताया कि ज्योति मल्होत्रा के वित्तीय लेन-देन और यात्रा विवरण की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि हिसार की रहने वाली ज्योति मल्होत्रा (33) 'ट्रैवल विद जो' नामक एक यूट्यूब चैनल चलाती है। उसे 16 मई को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने बताया कि ज्योति के खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ज्योति उन 12 व्यक्तियों में शामिल है जिन्हें पिछले दो सप्ताह



के दौरान जासूसी के आरोप में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही जांचकर्ताओं ने उत्तर भारत में कथित तौर पर पाकिस्तान से जुड़े एक जासूसी नेटवर्क के सक्रिय होने की ओर इशारा किया है। हिसार में हरियाणा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां और सैन्य खुफिया अधिकारी भी ज्योति मल्होत्रा की यात्रा के विवरण की जांच कर रहे हैं, क्योंकि उसने कथित तौर पर पाकिस्तान, चीन और कुछ अन्य देशों की यात्रा की थी। अधिकारी ने बताया कि घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने किन देशों की यात्रा की और किस क्रम में। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि ज्योति की आय के ज्ञात स्रोत उसकी विदेश यात्राओं से मेल नहीं खाते। साथ ही पुलिस ने कहा था कि उसका वित्तीय लेन-देन भी जांच के दायरे में है। पुलिस ने कहा कि ज्योति के लैपटॉप का फोरेंसिक विश्लेषण किया जा रहा है और वह उन लोगों से भी पूछताछ करेगी जो यूट्यूबर के संपर्क में थे। हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन ने रविवार को कहा था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े व्यक्ति ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर 'अपने सम्पर्क' के तौर पर तैयार कर रहे थे।




# उत्तर केरल में भारी बारिश, मौसम विभाग ने चार जिलों के लिए जारी किया 'रेड अलर्ट'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोझिकोड/भाषा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने लगातार हो रही भारी बारिश के कारण वायनाड सहित उत्तरी केरल के चार जिलों के लिए मंगलवार को 'रेड अलर्ट' जारी किया।

राज्य के उत्तरी हिस्से के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा जारी है। अधिकारियों के अनुसार, कई शहरी केंद्रों में व्यापक जलभराव की सूचना मिली है, जिससे उत्तर केरल में दैनिक जीवन और परिवहन पर काफी असर पड़ा है।

कासरगोड, कन्नूर, वायनाड और कोझिकोड जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है, जबकि पलक्कड़, मलप्पुरम और त्रिशूर के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। आईएमडी ने इडुक्की, एर्नाकुलम, कोट्टायम, अलाप्पुझा और पथानामथिट्टा जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) के अनुसार, जिन जिलों में रेड अलर्ट' जारी किया गया है, वहां अत्यधिक भारी वर्षा' हो सकती है। चौबीस घंटे में 204.4 मिमी से अधिक बारिश को 'अत्यधिक भारी वर्षा' माना जाता है। केएसडीएमए के अनुसार, 'ऑरेंज अलर्ट' वाले क्षेत्रों में 'बहुत भारी वर्षा' हो सकती है। चौबीस घंटे में 115.6 मिमी से 204.4 मिमी तक बारिश को 'बहुत भारी वर्षा' माना जाता है।

केएसडीएमए के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इतनी भारी बारिश बाढ़ और भूस्खलन जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है। शहरी और निचले इलाकों में जलभराव की भी आशंका है।

## मौसम विभाग ने कर्नाटक के सात जिलों के लिए जारी किया 'रेड अलर्ट'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार शाम कर्नाटक के सात तटीय और दक्षिणी आंतरिक जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया। इस बीच, पूरे दिन लगातार बारिश के बावजूद बेंगलूरु में अभी भी 'ऑरेंज अलर्ट' जारी है।

राज्य की राजधानी में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से अपराह्न ढाई बजे के बीच 0.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग की ताजा बुलेटिन के अनुसार, कर्नाटक के सात जिलों (उत्तर कन्नड, उडुपी, दक्षिण कन्नड, कोडागु, शिवमोग्गा, चिक्कमगलुरु और हासन) में रात में अत्यधिक बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी ने इन सभी सात जिलों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी भी जारी की है।

## तमिलनाडु सरकार ने राज्य विपणन निगम के परिसरों में ईडी की छापेमारी के खिलाफ न्यायालय का रुख किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने शराब के सरकारी खुदरा विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) के परिसरों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। राज्य सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय के 23 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी है।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में, ईडी की कार्रवाई को मंजूरी देते हुए राज्य सरकार की याचिकाओं और टीएएसएमएसी द्वारा दायर एक याचिका को भी खारिज कर दिया था। ईडी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपनी कार्रवाई करने की अनुमति दी गई थी। टीएएसएमएसी और राज्य सरकार ने खुदरा शराब विक्रेता के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छह और आठ मार्च को की गई छापेमारी को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि धन शोधन का अपराध देश के लोगों के खिलाफ अपराध है।

तलाशी के दौरान घंटों तक हिरासत में रखे गए अपने अधिकारियों के उत्पीड़न के बारे में टीएएसएमएसी और राज्य सरकार की दलीलों को उच्च न्यायालय ने देश के लाखों लोगों के अधिकारों की तुलना में अपर्याप्त और अत्यधिक असंगत पाया। उच्च न्यायालय ने कहा था कि ईडी द्वारा की गई तलाशी राष्ट्र के हित और लाभ में थी।

अदालत ने कहा था कि प्रथम दृष्टया टीएएसएमएसी के खिलाफ आरोप और शिकायतें गंभीर हैं, जिनकी गहन जांच की आवश्यकता है।

## श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस का वित्त वर्ष 2024-25 में कुल प्रीमियम 20.2 प्रतिशत बढ़कर 4,216 करोड़ रुपये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 में कुल प्रीमियम 20.2 प्रतिशत बढ़कर 4,216 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3,508 करोड़ रुपये का प्रीमियम दर्ज किया था।

गत वित्त वर्ष में कुल प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां बढ़कर 13,207 करोड़ रुपये हो गईं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 11,282 करोड़ रुपये थी। व्यक्तिगत नया व्यवसाय एपीई (वार्षिक प्रीमियम समतुल्य) 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए 45.3 प्रतिशत बढ़कर 1,289 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 887 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी कैस्पर्स जे. एच क्रोमहाउट ने कहा, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस उच्च वृद्धि कक्षा में पहुंच गया है और हम सभी प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर व टिकाऊ गति देख रहे हैं।

दीर्घकालिक वृद्धि की संभावना मजबूत है, जिसे हमारे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता से समर्थन मिलता है। कंपनी का जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में कुल प्रीमियम 507 करोड़ रुपये रहा। यह 2024 की समान अवधि में 343 करोड़ रुपये रहा था।

## निर्माणाधीन राजमार्ग का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने पर केरल सरकार की आलोचना



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मलप्पुरम/भाषा।** केरल के मल्लपुरम् जिले के कूरियाड में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से के धंस जाने के बाद विपक्षी कांग्रेस और स्थानीय निवासियों ने राज्य सरकार के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

कूरियाड में एलिवेटिड राष्ट्रीय राजमार्ग 66 का एक हिस्सा सोमवार दोपहर को तिरुरांगडी के पास धंस गया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और त्रिशूर तथा कोझिकोड के बीच वाहनों का आवागमन बाधित हो गया।

विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने इस मुद्दे पर एलडीएफ सरकार की कड़ी आलोचना की और राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में व्यापक अनियमितताओं का आरोप लगाया। उन्होंने कोच्चि में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया, ''राज्य सरकार राजमार्ग निर्माण में कोई हस्तक्षेप नहीं कर रही है। राजमार्गों का निर्माण अवैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है और इस संबंध में राज्य सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बीच कोई समन्वय नहीं है।''

विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार का एकमात्र ध्यान आगामी चुनावों से पहले राष्ट्रीय राजमार्गों के पूरा होने का श्रेय लेने और उनके आसपास मुख्यमंत्री की तस्वीर वाले बोर्ड लगाने पर है।

यूडीएफ के संयोजक अदूर प्रकाश और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी के कुन्हालीकुट्टी ने उस क्षेत्र का दौरा किया जहां राजमार्ग का हिस्सा धंस गया। उन्होंने इस मुद्दे के स्थायी समाधान की मांग की।

कुन्हालीकुट्टी ने संवाददाताओं से कहा, ''अधिकारियों ने हमें बताया कि विशेषज्ञ बुधवार को सड़क के धंसे हुए हिस्से की जांच करेंगे और उसके बाद जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।'' इस बीच, मलप्पुरम के जिलाधिकारी वी आर विनोद ने कहा कि स्वतंत्र सड़क विशेषज्ञों की एक समिति राजमार्ग के धंसे हुए और क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण करेगी।

## प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक एमआर श्रीनिवासन का निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उधगमंडलम।** भारत के स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में अहम योगदान देने वाले प्रसिद्ध वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एम आर श्रीनिवासन का मंगलवार को यहां निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 95 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। परिवार ने एक बयान में कहा, हम परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के सचिव डॉ. एम आर श्रीनिवासन के निधन की घोषणा करते हुए बहुत दुखी हैं।''



परिवार ने कहा कि श्रीनिवासन सितंबर 1955 में डीएई से जुड़े और उन्होंने देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर, अप्सरा के निर्माण पर डॉ होमी भाभा के साथ काम करना शुरू किया था। उन्हें 1959 में भारत के पहले परमाणु ऊर्जा केंद्र के निर्माण के लिए प्रधान परियोजना अभियंता नियुक्त किया गया था। बयान के अनुसार, उनके नेतृत्व ने देश के परमाणु कार्यक्रम को आकार देना जारी रखा। 1967 में उन्होंने मद्रास परमाणु ऊर्जा स्टेशन (एमएपीएस) के मुख्य परियोजना इंजीनियर के रूप में कार्यभार संभाला। वह राष्ट्रीय महत्व के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। इनमें डीएई में ऊर्जा परियोजना आभियांत्रिकी विभाग के निदेशक और परमाणु ऊर्जा बोर्ड के अध्यक्ष का पद शामिल है। बयान के अनुसार, इन भूमिकाओं में उन्होंने देशभर में सभी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की योजना, क्रियान्वयन और परिचालन पर निगरानी रखी। बयान में कहा गया, 1987 में उन्हें परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग का सचिव नियुक्त किया गया। उसी वर्ष, वह भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के संस्थापक-अध्यक्ष बने। उनके नेतृत्व में, 18 परमाणु ऊर्जा इकाइयां विकसित की गईं - जिनमें से सात चालू थीं, सात निर्माणाधीन थीं और चार योजना के चरण में थीं।

भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीनिवासन को 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। जिलाधिकारी लक्ष्मी भव्या तन्नीरू ने श्रीनिवासन की पार्थिव देह पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने परमाणु वैज्ञानिक श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एम आर श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया। राज्यपाल रवि ने अपने शोक संदेश में कहा, डॉ एम आर श्रीनिवासन के निधन से गहरा दुख हुआ है। वह भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के महान वास्तुकार और पद्म विभूषण से सम्मानित वैज्ञानिक थे।

रवि ने कहा, उनके दूरदर्शी नेतृत्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने देश को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने दशकों की सेवा में ऐसी संस्थाएं, नीतियां और परियोजनाएं तैयार कीं, जो आज भी भारत की प्रगति में



योगदान दे रही हैं। उनके परिवार, सहयोगियों और उनसे प्रेरित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम् शांति।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने भी परमाणु वैज्ञानिक श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के एक स्तंभ डॉ. एम आर श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। उन्होंने डॉ. होमी जहांगीर भाभा के साथ मिलकर भारत के पहले रिएक्टर का निर्माण किया।'' मुख्यमंत्री ने कहा, श्रीनिवासन ने कई दशकों तक 18 परमाणु ऊर्जा इकाइयों के निर्माण का नेतृत्व किया, जिससे ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला। वह एक सच्चे राष्ट्र निर्माता थे। मेरी गहरी संवेदनाएं।'' अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) नेता टीटीवी दिनाकरन ने भी वैज्ञानिक श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्रीनिवासन (95) का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया।

## टेक्नोपार्क स्थित एआई मंच ने भारत-पाक गतिरोध के दौरान साइबर हमलों को विफल करने का दावा किया

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** यहां टेक्नोपार्क स्थित प्रमुख साइबर सुरक्षा कंपनी प्रोफेज टेक्नोलॉजीज ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान के साथ हाल में हुए सैन्य टकराव के दौरान भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर किए गए डिस्ट्रिब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस' (डीडीओएस) हमलों को सफलतापूर्वक निष्प्रभावी कर दिया। डीडीओएस हमले का मुख्य उद्देश्य किसी वेबसाइट या ऑनलाइन सेवा को बाधित करना होता है, जिससे उसके वैध उपयोगकर्ता उस तक पहुंच न सकें्। इसे आम तौर पर साइबर हमला कहा जाता है।

टेक्नोपार्क तिरुवनंतपुरम द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, प्रमुख क्षेत्रों में तैनात प्रोफेज द्वारा एआई-संचालित वेब एप्लिकेशन और एपीआई प्रोटेक्शन (डब्ल्यूएएपी) मंच ने हवाई अड्डों और वित्तीय संस्थानों जैसे प्रमुख प्रतिष्ठानों को बाधित करने के उद्देश्य से किए गए साइबर हमलों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच से नौ मई के बीच, दुनियाभर में फैले बॉटनेट्स से कई चरणों में डीडीओएस साइबर हमले दर्ज किए गए्। इनमें 9 मई को 10 घंटे की अवधि में 8.5 करोड़ तक दुर्भावनापूर्ण अनुरोध किए गए, जो भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाले साइबर खतरों में भारी वृद्धि का संकेत देता है। साइबर संदर्भ में ट्रैफिक वॉल्यूम से मतलब है कि किसी वेबसाइट या नेटवर्क पर किसी विशेष समय में डेटा की मात्रा या डेटा का प्रवाह कितना है। एनोनसेक, सिलहट गैंग (एसजी) और डायनेट जैसे हैकरों के समूहों ने सार्वजनिक रूप से भारतीय सरकारी सेवाओं को बंद करने के प्रयास की जिम्मेदारी ली। प्रोफेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और संस्थापक वैशाख टी.आर ने कहा, इन हमलों के पैमाने और आक्रामकता के बावजूद, कोई डाउनटाइम नहीं हुआ्। सभी सिस्टम चालू रहे - जिससे हमलावर जो व्यवधान पैदा करना चाहते थे, वो नहीं कर सके। यह पहली बार नहीं था, जब प्रोफेज ने राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा की। अप्रैल 2023 में, छह प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों और अस्पतालों पर बड़े पैमाने पर डीडीओएस हमलों को प्रोफेज ने निष्प्रभावी कर दिया, जिससे व्यवधान को कम किया गया और परिचालन को तेजी से बहाल किया गया।

## लापता बच्ची का शव नदी में मिला, मां पुलिस हिरासत में

**कोच्चि/भाषा।** केरल के मट्टाकुझी इलाके में आंगनवाड़ी से मां द्वारा घर ले जाए जाने के बाद लापता हुई तीन साल की बच्ची का शव मंगलवार तड़के एक नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची की पहचान कल्याणी के रूप में हुई है। सोमवार रात परिजनों द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से घंटों तक तलाश के बाद बच्ची का शव नदी से बरामद किया।

पुलिस ने मामले में बच्ची की मां संध्या को सोमवार रात ही हिरासत में ले लिया था। पुलिस के एक अधिकारी ने संदेह जताया कि मां ने ही बच्ची को नदी में फेंका है। बच्ची के लापता होने के बाद जब मां के बयान विरोधाभासी पाए गए तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया, पूछताछ के दौरान महिला ने बच्ची को छोड़ने के स्थान के बारे में उलझे हुए बयान दिए। उसने एक बार कहा कि उसने मूझिकुलम पुल से बच्ची को नदी में फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि महिला सोमवार शाम को बच्ची को आंगनवाड़ी से ले गई थी, बाद में सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई कि महिला रात में अलुवा के पास मूझिकुलम क्षेत्र में आई थी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में तथा गोताखोरों द्वारा नदी में की गई खोज के परिणामस्वरूप अंततः मंगलवार तड़के बच्ची का शव बरामद हुआ। उन्होंने कहा, महिला कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याओं से पीड़ित बताई जा रही है। लेकिन अभी तक इसकी वैज्ञानिक पुष्टि नहीं हो पाई है। अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मां से पूछताछ जारी है तथा उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## जब तक कांग्रेस सत्ता में है, गारंटी योजनाएं बंद नहीं होंगी : उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विजयनगर।** उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा, हमारी सरकार उन लोगों का कर्ज चुकाने के लिए छठी भूमि गारंटी योजना की पेशकश कर रही है, जिन्होंने हमें सत्ता सौंपी और राज्य की सेवा की। उन्होंने कहा कि एआईसीसी अध्यक्ष के निर्देशानुसार, जब तक कांग्रेस सत्ता में है, गारंटी योजनाएं बंद नहीं होंगी।

यहां राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि हम आज यहां दो साल का जश्न मनाने नहीं आए हैं। हम कर्नाटक के लोगों का कर्ज चुकाने के लिए समर्पण कार्यक्रम कर रहे हैं। मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता और राहुल गांधी के नेतृत्व में आपने 136 निर्वाचन क्षेत्रों में विधायकों को चुनकर हमें आशीर्वाद दिया है। आपका कर्ज चुकाने के वादे के अनुसार हमारी सरकार पांच गारंटी योजनाओं को लागू करके और छठी गारंटी के रूप में भूमि गारंटी योजना प्रदान करके इतिहास लिख रही है।



उन्होंने कहा, आज हम इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोगों को पंजीकरण प्रदान कर रहे हैं, जिनके पास पिछले पचास वर्षों से भूमि स्वामित्व खाता नहीं था। मैं राजस्व मंत्री कृष्ण बैरगौड़ा और उनके अधिकारियों को ऐसी ऐतिहासिक योजना में किए गए काम के लिए बधाई देता हूं। शहरी क्षेत्रों में, मैं, बैरती सुरेश, रहीम खान सभी संपत्तियों को डिजिटल करके और खातों को ठीक करके लोगों को सातवीं गारंटी की घोषणा कर रहे हैं। कांग्रेस की सत्ता, देश की सत्ता, कांग्रेस का इतिहास देश का इतिहास है। अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो ऐसा लगता है जैसे सभी वर्गों की सत्ता में भागीदारी है।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार के दो साल में भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। इंदिरा गांधी ने इस जिले में विजयनगर स्टील की शुरुआत की थी। सोनिया गांधी यहां आईं और बिजली के आरटीपीएस की शुरुआत की। हमारे राज्य में राहुल गांधी ने जहां-जहां भारत जोड़ो यात्रा की, वहां-वहां कांग्रेस पार्टी ने लगभग जीत हासिल की। आपने कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में 6 सांसद चुने हैं। हमारी सरकार कल्याण कर्नाटक क्षेत्र के विकास के लिए सालाना 5 हजार करोड़ रुपये दे रही है।

उन्होंने कहा, विपक्षी दल हमारी आलोचना कर रहे हैं। आलोचना खत्म हो जाती है, काम बाकी रह जाता है। हमारी परियोजनाएं इसका सबूत हैं। किसानों की पीड़ा को कम करने के लिए राज्य की झीलों को भरने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया गया है। ऐसे समय में जब नवली बांध परियोजना पर चर्चा हो रही है, लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से हमारी 24 टीएमसी पानी झीलों में भरने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया गया है। हमें इस मुद्दे पर आंध्र प्रदेश राज्य के साथ चर्चा करने की आवश्यकता है। हम इस परियोजना के माध्यम से आपकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार में उद्यमी राज्य में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए आगे आए हैं। रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए कल्याण पथ योजना तैयार की गई है। इसके अलावा, पर्यटन, कन्नड़ और संस्कृति विभाग सहित सभी विभागों में हमारे मंत्री नई योजनाएं लाकर लोगों की सेवा कर रहे हैं।

## कुमारस्वामी ने कर्नाटक सरकार पर 'घोर लापरवाही' का आरोप लगाया



**बेंगलूरु।** बेंगलूरु शहर में लगातार हो रही बारिश के कारण जलजमाव होने के बीच, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को कर्नाटक सरकार पर तीखा हमला किया और उस पर ''घोर लापरवाही'' बरतने का आरोप लगाया।

उन्होंने एक बयान में कहा, ''जब लोग मर रहे हैं और जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, कांग्रेस नेता साधना समावेश (उपलब्धि सम्मेलन) की मेजबानी में व्यस्त हैं। पिछले एक सप्ताह से, वास्तविक शासन के बजाय रंगीन, गारंटी से भरे विज्ञापनों पर जोर दिया गया है।'' कुमारस्वामी ने कहा कि बेंगलूरु के लोग ''ब्रांडेड नर्क'' में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर परेशान है जबकि इसके नेता प्रचार अभियानों में लीन हैं।

उन्होंने दावा किया, कांग्रेस सरकार की असली उपलब्धियां अब शहर की जलमग्न सड़कों और जाम नालियों में तैर रही हैं। क्या उनमें विवेक भी है? एक निष्क्रिय सरकार का साधना समावेश आयोजित करना शर्मनाक है।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित देशनोक और पलाना यात्रा के लिए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार बीकानेर पहुंचेंगे प्रधानमंत्री मोदी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को बीकानेर दौरे पर होंगे। पीएम मोदी के आगमन से पहली तैयारियों को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं संग बैठक की और बाद में कहा कि कार्यकर्ताओं में अत्यंत उत्साह दिखाई दे रहा है। बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि जहां पर व्यवस्थाएं कम हो रही हैं उसका विस्तार कर रहे हैं। बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक पहुंचेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिलेगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मां करणी की कृपा से हम सफल हुए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सेना का काम सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि सीमा पर हमारा कोई जवान हताहत नहीं हुआ, हालांकि पाकिस्तान ने हमारे देश के अंदर घुसकर हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारे जवानों ने उन्हें सफल नहीं होने दिया।

उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान की बस्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाते हुए आतंकवादियों के अड्डों को नेस्तनाबूद किया। सेना ने उन आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया जो कंधार हमले में भी शामिल थे। इस दौरान कई आतंकियों ने यहां तक कहा कि अच्छा होता कि इस हमले में परिवार के साथ मैं भी मारा जाता।

उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान से सामान्य हवाई यात्राएं चालू करवाई, उसमें भी उन्होंने युद्धक विमान निकाल लिए।

भारत की ताकत से घबराया पाकिस्तान ने सीजफायर के लिए कई देशों से गिड़गिड़ाया। इसके बाद पाकिस्तान की सेना ने भारतीय सेना के अधिकारियों से कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते है, हम आपसे चर्चा करना चाहते हैं। इसके बाद भारतीय सेना ने कुछ शर्तें भी रखी कि हमें बचे हुए आतंकवादियों का समर्पण चाहिए, आप आतंकवाद का कभी संरक्षण नहीं करोगे। इन शर्तों पर ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित किया गया है।

## सरकारी भवनों को उड़ाने की धमकी चिंताजनक : जूली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश के 4 जिलों के सरकारी भवनों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिलने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने चिंता जाहिर करते हुए भजनलाल सरकार की कार्यशैली पर हमला बोला है। जूली ने कहा है कि राजस्थान के टोंक, राजसमंद, पाली और भीलवाड़ा जिलों में कलेक्ट्रेट भवनों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिलना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है। दो दिन बाद देश के प्रधानमंत्री राजस्थान आने वाले हैं और उससे ठीक पहले चार जिलों में कलेक्ट्रेट भवनों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिलना, प्रदेश की कानून-व्यवस्था की असलियत को उजागर करता है।

आएं दिन मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, अधिकारीयों को धमकियां मिल रही है और सरकार मौन होकर ये सब देख रही है। आज सवाल सिर्फ सुरक्षा का ही नहीं, बल्कि सरकार की विफलता, सुस्त खुफिया तंत्र और जनता की सुरक्षा के भरोसे पर उठती आशंकाओं का है। मुख्यमंत्री जी आपका गृह विभाग कौन चला रहा है।



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जैसलमेर में सीमा क्षेत्र के दौरे के दौरान बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के सहायक कमांडेंट पी. के. मिश्रा से मुलाकात करते हुए।

## सैन्य कमांडर सिंह ने सूरतगढ़ सैन्य स्टेशन का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। दक्षिण पश्चिम कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने सूरतगढ़ सैन्य स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने वहां परिचालनगत तैयारियों की समीक्षा की और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सराहनीय प्रदर्शन की प्रशंसा की। एक सैन्य प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि दो दिवसीय दौरे के दौरान सैन्य कमांडर को मौजूदा परिचालन स्थिति, सुरक्षा प्रोटोकॉल, संरचनाओं और इकाइयों की समग्र तत्परता के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने तैयारियों के उच्च मानकों और सभी कर्मियों द्वारा प्रदर्शित निस्वार्थ समर्पण पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन के अनुसार, इस दौरान सिंह ने सूरतगढ़ वायुसेना स्टेशन के वायुसेना कर्मियों से भी बातचीत की। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अनुकरणीय पेशेवराना दक्षता और निर्बाध समन्वय की सराहना की। कमांडर ने संयुक्त योजना और क्रियान्वयन की सराहना की, जिसने मिशन को सफल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उन्होंने इस अवसर पर सैनिकों को पेशेवरता के उच्च मानकों को बनाए रखने और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए नई तकनीकों को लगातार अपनाने के महत्व पर जोर दिया ।



## बाघिन नूरी, एरोहेड की मादा शावक के बीच जंग

भरतपुर। राजस्थान के सवाईमाधोपुर में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के जोन नंबर दो में बाघिन नूरी और एरोहेड की मादा शावक के बीच इलाके पर एकाधिकार के लिए यह जंग करने की जानकारी सामने आई है। बाघिन नूरी और ऐरोहेड की मादा की शावक के बीच जबरदस्त तरीके से हुई इस भिड़त के दौरान दोनों में जमकर संघर्ष हुआ। वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस संघर्ष में नौबत यहां तक आ गई कि बाघिन नूरी एरोहेड की बेटी को मार भी सकती थी, लेकिन ऐन वक्त पर टाइगर टी. 120 ने आकर एरोहेड की बेटी को बचा लिया।

वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार बढ़ती संख्या के बीच उनकी सिकुड़ता अधिकार क्षेत्र से बाघ संघर्ष के लिए मजबूर है। इस तरह की बाघों के अस्तित्व एवं टाइगरों की फाइट से एक दूसरे खतरे की जान को खतरा बढ़ सकता है।




## पाकिस्तान के आग्रह पर कुछ शर्तों के तहत ऑपरेशन सिंदूर रोका गया : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि पाकिस्तान के आग्रह पर कुछ शर्तों के तहत ऑपरेशन सिंदूर रोका गया। राठौड़ यहां 22 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित बीकानेर यात्रा की तैयारी का जायजा लेने मंगलवार को यहां आये हैं। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पाकिस्तान कई देशों के समक्ष युद्ध रुकवाने के लिये गिड़गिड़ाया। उन्होंने कहा, उसके बाद हमारे सेना अध्यक्ष से चर्चा की कि वह युद्ध नहीं चाहते। हमने तब उनसे स्पष्ट कर दिया कि हमें आतंकवादियों का समर्पण चाहिए। वे आतंकवाद खत्म करें। हमें आतंकवाद को पनपने नहीं देना है। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर रोका गया, हालांकि अभी खत्म नहीं किया गया है।

राठौड़ ने कहा, इस लड़ाई में हमारी कोई क्षति नहीं हुई है। पाकिस्तान ने हमारे आवासीय क्षेत्रों में हमले किये, जिसे हमारी सेना ने नाकाम कर दिये। इससे हमें कोई क्षति नहीं हुई, जबकि हमारी सेना ने लक्ष्य निर्धारित करके हमले किये।

सेना ने आतंकवादियों के प्रशिक्षण केंद्रों को नेस्तनाबूद करके आतंकवादियों के कारखानों को नष्ट करने में महती भूमिका निभाई। इन प्रशिक्षण केंद्रों में ऐसे आतंकवादी भी मारे गये, जो कंधार विमान अपहरण कांड में शामिल थे। जो बच गये वे मौत की दुआ कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान कितना गैर जिम्मेदार देश है, यह उसकी हरकतों से पता चलता है। उसने सामान्य यात्री विमान शुरु करवाकर उनकी आड़ में हमले किये। वह जानता है कि भारतीय सेना यात्री विमानों पर हमला नहीं करेगी, और सेना ने किया भी नहीं। हमारी सेना ने जवाबदेही का निर्वहन किया, जिसके लिये वह जानी जाती है। हमने एक जवाबदेह देश के दायित्व का निर्वहन किया।



## पूरी दुनिया में सबसे प्रोफेशनल भारत की सेना : सचिन पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भारतीय सेना को पूरी दुनिया में सबसे प्रोफेशनल सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में इसका जो प्रदर्शन रहा है और जिस पराक्रम का परिचय दिया गया हैं उससे पूरा देश गौरान्वित महसूस कर रहा है। पायलट मंगलवार को यहां लोक स्वराज मंच द्वारा आयोजित सचित्र प्रदर्शनी स्वतंत्र भारत की झलक के उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा सेना ने मुस्तैदी से ना सिर्फ भारत की रक्षा की है बल्कि उन ठिकानों को भी ध्वस्त किया है जो आतंकवाद की नर्सरी थी। हमारी सेना को सलाम हम करते है। हम तो कहते है ना सिर्फ सैनिकों को उन सैनिकों के परिवारों को जिन्होंने अपने लोगों को हमारी सुरक्षा के लिए सरहद पर उनको भेजा है। उन परिजनों को हम साधुवाद देते है।

पूरा देश गर्व करता है जब भारत की सेना देश की रक्षा के लिए सब कुछ कुर्बान करने के लिए तत्पर रहती है हमे लगता है पूरी दुनिया में सबसे प्रोफेशनल सेना भारत की है। उन्होंने कहा आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद जो कई दशकों से हमे टारगेट किए हुए है चाहे कश्मीर हो, चाहे पंजाब हो यह पूरी दुनिया जानती है। पूरा देश आतंकवाद से तंग आ चुका है अब हम चाहते है यह समाप्त हो। जो ताकतें पाकिस्तान की जमीन पर आतंकवाद को पनपाने का काम करती है उनका सफाया होना बहुत जरूरी है। इसमें कोई दोहराय नहीं है अलग अलग बात नहीं है। सारे दल, पक्ष, विपक्ष एकजुट है और होना भी चाहिए।

## भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा मामले में पक्षपातपूर्ण तरीका अपनाना गलत : पायलट

जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक कंवरलाल मीणा के मामले में न्यायालय के आदेश के बावजूद इसमें कोई कार्यवाही नहीं करने को पक्षपातपूर्ण तरीका बताते हुए कहा है कि यह बिल्कुल गलत हैं और इसमें निष्पक्षता का प्रदर्शन होना चाहिए। पायलट मंगलवार को यहां लोक स्वराज मंच द्वारा आयोजित सचित्र प्रदर्शनी स्वतंत्र भारत की झलक के उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत में यह यह बात कही।

उन्होंने कहा यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि सब जानते है कि राहुल गांधी की जबरदस्ती सदस्यता रद्द की गई थी और बिना किसी कारण की गई थी। राजस्थान में विधायक के मामले में सब कुछ स्पष्ट है कोर्ट का आदेश आ चुका है तो विधानसभा अध्यक्ष इस पर एक्शन क्यों नहीं ले रहे है। उन्होंने कहा कि इसमें निष्पक्षता का प्रदर्शन होना चाहिए। दो मापदंड नहीं होने चाहिए न्यायालय का निर्णय है कोई पार्टी ने आरोप नहीं लगाया।

पायलट ने कहा कोर्ट के निर्णय के बाद आज जो स्थापित मापदंड है, उसके बावजूद भी आप एक्शन नहीं ले रहे है।



## विद्यार्थी की शिक्षा पूरी हो, उसी साल दीक्षांत समारोह आयोजित हो : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि विश्वविद्यालय में जिस वर्ष विद्यार्थी की शिक्षा पूरी हो, उसी साल दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाए। बागड़े मंगलवार को बिड़ला सभागार में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के दशम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समय पर डिग्री मिले, इसके लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं। उन्होंने चिकित्सकीय शिक्षा में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि विद्यार्थी की बौद्धिक क्षमता बढ़े। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा में मौलिक शोध और अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता जताते हुये कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय देश-विदेश के दूसरे विश्वविद्यालयों से कॉलोबोरेशन कर इस क्षेत्र के नये ज्ञान के आदान-प्रदान का संवाहक बने।

उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में विश्व में केवल छह विश्वविद्यालय थे, तब भी भारत में दो विश्वविद्यालय थे। यहां पर विश्वभर के विद्यार्थी पढ़ने आते थे। उन्होंने नालन्दा विश्वविद्यालय और वहां के आयुर्वेद के ज्ञान की चर्चा करते हुए कहा कि बख्तियार खिलजी को नालंदा के वैद्य ने ठीक किया, पर उसने वहां के पुस्तकालय को जला दिया। उन्होंने भारत द्वारा संसार को जीरो के ज्ञान को दिए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि इसी से आगे की संख्या से विश्व जुड़ सका। उन्होंने देश की पहली महिला चिकित्सक के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1886 में परीक्षा पास कर देश की पहली महिला डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी ने इस क्षेत्र में महिलाओं को प्रेरणा दी।


उन्होंने कहा कि इससे चिकित्सकीय ज्ञान का प्रभावी रूप में आदान-प्रदान हो सकेगा।

## युवक ने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर शहर के वैशाली नगर थाना क्षेत्र स्थित खुदनपुरी इलाके में एक युवक ने मजाक में अपने शरीर पर पेट्रोल छिडककर आग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार खुदनपुरी निवासी 24 वर्षीय लोकेश कुमार जाटव रविवार रात अपने ससुराल से लौटा था। सोमवार सुबह कथित रूप से मजाक-मजाक में उसने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग के हवाले कर दिया।

## ज्योति मल्होत्रा का वीडियो आया सामने, थार रेगिस्तान में रहने वाले लोगों से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बाड़मेर। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा का एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो भारत-पाक सीमा क्षेत्र में सामरिक दृष्टि से संवेदनशील जगह से बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ज्योति ने बाड़मेर के थार रेगिस्तान में भारत-पाक सीमा के निकट मुनाबाव रेलवे स्टेशन और झेलून गांव जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में तीन दिन बिताए थे। ज्योति ने यह वीडियो अपने यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' पर अपलोड किया था। जिसमें वो सीमावर्ती गांव के लोगों की जीवनशैली के बारे में बताती हुई नजर आ रही हैं। ज्योति ने बाड़मेर के बॉर्डर क्षेत्र में कई रातें गुजारीं और थार के रेगिस्तान में रुककर स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने बॉर्डर क्रॉस करने की प्रक्रिया और सीमा के उस पार की स्थिति के बारे में सवाल पूछे, जैसे पाकिस्तान कितनी दूर है? और बॉर्डर के उस पार क्या दिखता है?

ज्योति ने यहां के स्थानीय लोगों से पाकिस्तान के संबंध में कई सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या आपका कोई रिश्तेदार पाकिस्तान में है, तो जवाब में कहा गया है कि हां, हमारे रिश्तेदार पाकिस्तान में हैं। ज्योति वीडियो में भारत और पाकिस्तान की सीमा पर लगे तार के बाड़ों की ओर इशारा करती हुई कहती हैं कि उस तरफ पाकिस्तान है और इस तरह हिंदुस्तान है। अगर आप उस तरफ जाएंगे, तो आप पाकिस्तान की सीमा में दाखिल हो जाएंगे। वहां पर आपको पाकिस्तानी आर्मी चहलकदमी करते दिखेगी। इस दौरान ज्योति सीमावर्ती इलाके में रहने वाले कई लोगों के घरों में जाती हैं और उनसे पूछती हैं कि वो अपना जीवन कैसे जी रहे हैं। ज्योति इनके घर में जाकर इन लोगों से घुल मिल जाती हैं। ज्योति यहां एक घर में बकरी का दूध भी निकालती है। बता दें कि पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। ज्योति की गिरफ्तारी पंजाब के मलेरकोटला से पकड़ी गई गजाला नामक महिला से पूछताछ के बाद हुई, जिसमें जासूसी नेटवर्क से जुड़े कई अन्य लोगों के नाम सामने आए थे।

## भीषण गर्मी के बीच राजस्थान के कई इलाकों में बारिश

जयपुर। राजस्थान के अधिकतर इलाकों में जहां भीषण गर्मी पड़ रही है वहीं उदयपुर और अजमेर संभाग में कहीं कहीं बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर, जोधपुर संभाग और शेखावाटी इलाके में भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा। विभाग के अनुसार, मंगलवार की सुबह तक बीते चौबीस घंटे में उदयपुर और अजमेर संभाग में कहीं कहीं हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई, लेकिन शेष भागों में मौसम शुष्क रहा। सर्वाधिक वर्षा सहाड़ा (भीलवाड़ा) में 41 मिलीमीटर दर्ज की गई। इस दौरान बीकानेर संभाग में कहीं कहीं तेज गर्मी भी रही। सर्वाधिक अधिकतम तापमान पिलानी में 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 5.0 डिग्री अधिक है।

विभाग के अनुसार आगामी 3-4 दिन बीकानेर, जोधपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में 'लू' का दौर जारी रहने की संभावना है।

# देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण जरूरी : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कासगंज/लखनऊ(उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण जरूरी है। आदित्यनाथ ने कासगंज में 724 करोड़ रुपए की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया। इसे बनाने में 191 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, अपने संबोधन में योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज के आध्यात्मिक विकास के साथ ही यहां की बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2008 में अस्तित्व में आया कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था और अराजकता तथा भ्रष्टाचार ही उसकी पहचान थे लेकिन आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कासगंज में नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस के आधुनिकीकरण की दिशा में मील का एक पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 191 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस पुलिस लाइंस में 1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाएं हैं। ''यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है। '' योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा ''आज उप्र पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। कोई माफिया



समानांतर सरकार नहीं चला सकता, न ही गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर सकता है।'' योगी ने कहा कि देश और राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण करना जरूरी है। उन्होंने 2017 से पहले की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन दिनों में उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल था। मुख्यमंत्री ने कासगंज के आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व की चर्चा करते हुए कहा '' यह भगवान विष्णु के वाराह अवतार और महर्षि कपिल की तपोभूमि है। सोरों का महत्व संभल के समान है। संभल भगवान विष्णु के दसवें अवतार की भूमि है, तो सोरों तीसरे अवतार की। डबल इंजन सरकार ने इस आध्यात्मिक महत्व को समझा और विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया। '' योगी ने कहा कि अयोध्या, मथुरा और वृंदावन की तरह ही सोरों का भी विकास होगा। उन्होंने नरदई पुल के सौंदर्यीकरण, कासगंज में संग्रहालय निर्माण, सुहावन और अमापुर में बाइपास निर्माण और दरियावगंज में झील के सौंदर्यीकरण जैसे प्रस्तावों को मंजूरी देने की घोषणा की। उन्होंने कासगंज में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की आधारशिला रखी, जो प्री-प्राइमरी से 12वीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर, फिर तहसील, ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर यह विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सम्मान के लिए आगरा जोन द्वारा संचालित ऑपरेशन जागृति को 'स्मार्ट पुसिलिंग अवार्ड वुमेन सेफ्टी 2025' से पुरस्कृत किया। इस दौरान आदित्यनाथ ने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट, मुख्यमंत्री आवास योजना व पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप वितरित किया।

## असम: पहलगाम आतंकी हमले के बाद 73 'पाकिस्तानी एजेंट' गिरफ्तार किये गए

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि ''पाकिस्तानी एजेंट'' के रूप में काम करने के आरोप में राज्य के विभिन्न हिस्सों से दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऐसी गिरफ्तारियों की कुल संख्या 73 हो गई है। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चिरांग और होजई जिलों से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर की तरह, राष्ट्र विरोधियों का पता लगाने और उन्हें दंडित करने का हमारा मिशन जारी है...73 पाकिस्तानी एजेंट अब जेल में हैं।''

इससे पहले, विपक्षी एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम को पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान और उसकी मिलीभगत का कथित तौर पर बचाव करने के आरोप में देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मामले में जमानत मिलने के बाद इस्लाम को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था। शर्मा ने दो मई को, जम्मू कश्मीर आतंकी हमले के बाद 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर 22 अप्रैल को आतंकवादियों के हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।



## ओडिशा: पारंपरिक मिठाई 'पलुआ लाडू' के जीआई टैग के लिए भद्रक करेगा आवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भद्रक (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा में भद्रक जिला प्रशासन ने पारंपरिक मिठाई 'पलुआ लाडू' के लिए भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग हासिल करने की पहल की है।

ये पारंपरिक मिठाई अपने विशिष्ट स्वाद और बनाने के अनोखे तरीके के लिए जानी जाती है।

जिलाधिकारी दिलीप राउत्रे ने सभी विभागीय प्रमुखों, तहसीलदारों और खंड विकास अधिकारियों को आधिकारिक बैठकों एवं कार्यक्रमों के दौरान मेहमानों के लिए परोसे जाने वाले तैयार पैकेट में 'पलुआ लाडू' को शामिल किए जाने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के बाद ये पहल शुरू की जा रही है। राउत्रे ने कहा, ''जीआई टैग हासिल करने से 'पलुआ लाडू' की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत सुरक्षित रहेगी और भद्रक को एक विशिष्ट पहचान मिलेगी।'' उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय हलवाई प्रोत्साहित होंगे और ओडिशा की समृद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जा सकेगा।

'पलुआ लाडू' को ओडिशा और उसके बाहर भी इसके समृद्ध स्वाद तथा 'पलुआ' (अरारूट पाउडर), सूजी और चीनी जैसी सरल, सामग्री के उपयोग से तैयार की जाने वाली पारंपरिक विधि के लिए पसंद किया जाता है। यहां एक अधिकारी ने बताया कि जीआई टैग प्राप्त करने की पहल को इसकी प्रामाणिकता की रक्षा करने, नकल को रोकने और भद्रक के हलवाइयों के कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।



## पाकिस्तान का बलूचिस्तान खनिज संपन्न, लेकिन उपेक्षितः हिमंत शर्मा

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत खनिज संपन्न है लेकिन सबसे अधिक 'उपेक्षित और अल्प विकसित' है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दशकों से 'व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण' का सामना कर रहा है। शर्मा ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि बलूचिस्तान खजाना है, लेकिन 'उपेक्षा के चलते' बदहाली की सूरत बयां करता है। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे अधिक संसाधन संपन्न प्रांत होने के बावजूद, बलूचिस्तान इसका सबसे उपेक्षित और अविकसित क्षेत्र बना हुआ है। एक विरोधाभास जो दशकों के व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण को दर्शाता है।''

असम के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बलूचिस्तान में पाकिस्तान की कुल खनिज संपदा का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इसमें विशाल रेको डिक तांबा-सोना भंडार भी शामिल है, जो दुनिया के सबसे बड़े अप्रयुक्त भंडारों में से एक है, जहां अनुमानत: 5.9 अरब टन अयस्क है और जिसमें 4.15 करोड़ औंस सोना और 3.5 करोड़ टन तांबा है। शर्मा ने यह भी कहा कि ग्वादर बंदरगाह और 770 किलोमीटर लंबी मकरान तटरेखा सीपीईसी के तहत अपार भू-रणनीतिक और आर्थिक क्षमता प्रदान करती है, लेकिन स्थानीय समुदाय बड़े पैमाने पर वंचित हैं, जिन्हें स्वच्छ पेयजल, बिजली और बुनियादी ढांचा तक उपलब्ध नहीं है।

## आईपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा अहमदाबाद, मुल्लांपुर में होंगे शुरुआती दो प्ले ऑफ

**नई दिल्ली/भाषा।** अहमदाबाद तीन जून को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल के अलावा दूसरे क्वालीफायर की मेजबानी करेगा जबकि मुल्लांपुर में इस महीने शुरुआती दो प्ले ऑफ का आयोजन किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को यह घोषणा की। मानसून को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 23 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलूरु में होने वाले मैच को भी लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। चिन्नास्वामी स्टेडियम में पिछला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार हैदराबाद और कोलकाता को प्ले ऑफ की मेजबानी करनी थी लेकिन भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के कारण प्रतियोगिता को एक हफ्ते के लिए स्थगित किए जाने के बाद आईपीएल कार्यक्रम में संशोधन करना पड़ा। आयोजन स्थलों पर फैसला करने से पहले बीसीसीआई ने मानसून का भी ध्यान रखा। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''आईपीएल संचालन परिषद ने मौसम की परिस्थितियों और अन्य चीजों को ध्यान में रखते हुए प्ले ऑफ के नए स्थलों पर फैसला किया है।'' बीसीसीआई ने मैच को पूरा करने के लिए एक घंटे के मौजूदा अतिरिक्त समय में इजाफा करते हुए इसे दो घंटे कर दिया है। मौसम को देखते हुए यह फैसला किया गया है।

## झारखंड में टीएसी की बैठक का बहिष्कार करेगी भाजपा: चंपई सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जमशेदपुर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मंगलवार को कहा कि पार्टी ने जनजातीय सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है, क्योंकि झामुमो-नीत सरकार ने कथित तौर पर परंपरा की अवहेलना की है।

यह बैठक बुधवार को रांची में होने वाली है। सोरेन ने कहा, ''झारखंड के राज्यपाल की अध्यक्षता में टीएसी गठित करने की परंपरा रही है, लेकिन



राज्य सरकार ने इस परंपरा की अवहेलना की है। इसलिए भाजपा ने इसका बहिष्कार करने का फैसला किया है।'' जनजातीय समिति आमतौर पर मूल निवासियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है। भाजपा विधायक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यद्यपि समिति का गठन जनजातीय समुदायों के हित में निर्णय लेने और सरकार को सलाह देने के लिए किया गया, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ''ऐसी बैठकों में कोई महत्वपूर्ण परिणाम नहीं निकला है''। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास ''जनजातीय समिति में बहुमत का प्रतिनिधित्व है। फिर भी, आदिवासी समाज के कई मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जो सरकार के अनिर्णायक रवैये को दर्शाता है।'' सोरेन ने दावा किया, ''निर्धारित टीएसी बैठक का पहला एजेंडा आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें और बार खोलने के लिए लाइसेंस प्रदान करना है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने अपना सामाजिक जीवन नशारोधी अभियान से शुरू किया है।

## केंद्र ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रहे तीन सदस्यीय आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र सरकार ने मणिपुर में मई 2023 में शुरू हुई सिलसिलेवार हिंसा की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संबंधित जांच आयोग को एक और विस्तार दिया है तथा नई समयसीमा 20 नवंबर 2025 तय की गई है।

इस हिंसा में कम से कम 260 लोगों की जान जा चुकी है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन चार जून 2023 को किया गया था। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी हिमांशु शेखर दास और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी आलोक प्रभाकर की सदस्यता वाले इस आयोग को तीन मई 2023 को मणिपुर में भड़की हिंसा और दंगों के कारणों की जांच करने का काम सौंपा गया था। चार जून 2023 को जारी अधिसूचना में कहा गया था कि जांच आयोग को अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को ''यथाशीघ्र लेकिन अपनी पहली बैठक की तारीख से छह महीने के भीतर सौंपनी होगी।''

तब से आयोग का कार्यकाल दो बार बढ़ाया जा चुका है। इससे पिछले आदेश में गृह मंत्रालय ने आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए 20 मई 2025 तक का समय दिया था।

गृह मंत्रालय ने नवीनतम अधिसूचना में कहा, ''आयोग अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द केंद्र सरकार को सौंपेगा, लेकिन 20 नवंबर 2025 से पहले।''

## भारत की तीन-चौथाई आबादी भीषण गर्मी से जुड़े जोखिम का सामना कर रही : सीईईडब्ल्यू अध्ययन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के लगभग 57 प्रतिशत जिले, जिनमें भारत की कुल जनसंख्या का 76 प्रतिशत भाग रहता है, वर्तमान में 'उच्च' से लेकर 'अत्यधिक' तापमान के जोखिम की स्थिति में हैं। एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गयी।

दिल्ली स्थित जलवायु एवं ऊर्जा विचारक संस्था 'काउंसिल ऑन एनर्जी एनवायरनमेंट एंड वाटर' (सीईईडब्ल्यू) द्वारा प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, सबसे अधिक गर्मी के खतरे वाले 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली, महाराष्ट्र, गोवा, केरल, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इसमें पाया कि पिछले दशक में बहुत गर्म दिनों की तुलना में बहुत गर्म रातों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। बहुत गर्म रातें और बहुत गर्म दिन ऐसी अवधि के रूप में परिभाषित किए जाते हैं जब न्यूनतम और अधिकतम तापमान 95 फीसदी की सीमा से ऊपर हो जाता है। अध्ययन के एक भाग के रूप में, सीईईडब्ल्यू शोधकर्ताओं ने 734 जिलों के लिए एक ताप जोखिम सूचकांक (एचआरआई) विकसित किया, जिसमें ताप प्रवृत्तियों, भूमि उपयोग, जल निकायों और हरित आवरण का अध्ययन करने के लिए 40 वर्षों के जलवायु आंकड़े (1982-2022) और उपग्रह चित्रों का उपयोग किया गया। उन्होंने गर्मी के खतरे की व्यापक तस्वीर के लिए जनसंख्या, भवन, स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक कारकों के साथ-साथ रात्रि तापमान और आर्द्रता के आंकड़े भी शामिल किए।

## अरुणाचल प्रदेश में एनवीएस भर्ती परीक्षा में नकल करने के आरोप में 45 व्यक्ति गिरफ्तार

**ईटानगर/भाषा।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) द्वारा गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती के लिए आयोजित एक परीक्षा के दौरान नकल के आरोप में पुलिस ने हरियाणा के 45 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को यहां दी।

राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि स्टाफ नर्स, कैटरिंग असिस्टेंट और सचिवालय सहायक की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा के दौरान कथित तौर पर नकल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल करने के आरोप में अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया।

एनवीएस अपने विद्यालयों के साथ-साथ अपने क्षेत्रीय और मुख्यालय कार्यालयों में विभिन्न गैर-शिक्षण पदों को भरने के लिए नियमित रूप से भर्ती अभियान संचालित करता है।

रविवार को परीक्षा के दौरान जब निरीक्षकों ने कई अभ्यर्थियों का व्यवहार संदिग्ध पाया तो पुलिस ने दो परीक्षा केंद्रों पर छापा मारा और पाया कि कई अभ्यर्थी नकल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे थे।

## हिंसा नेताओं को हालात का फायदा उठाने का मौका देती है : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि हिंसा की घटनाओं का दंश आम लोगों को झेलना पड़ता है लेकिन यह नेताओं को हालात का फायदा उठाने का मौका देती है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर कई सामग्री लोगों को बांटने और हिंसा को भड़काने के लिए गलत सूचना फैलाने के इरादे से पोस्ट की गईं।

हालांकि, मुख्यमंत्री ने किसी विशेष घटना का उल्लेख नहीं किया, लेकिन राज्य के मुस्लिम बहुल जिले मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में पिछले माह सांप्रदायिक हिंसा देखी गई थी जिसमें तीन लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। बनर्जी ने कहा, ''जो लोग हिंसा का हिस्सा होते हैं वे नहीं चाहते कि आम जनता के साथ कुछ भला हो। अगर



दंगा होता है तो तोड़फोड़ की जाएगी, घरों नुकसान पहुंचाया जाएगा और लोग मारे जाएंगे।''

मुख्यमंत्री यहां पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों तथा सिलीगुड़ी उपखंड से संबंधित जनवितरण कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा, ''अगर कोई दंगा होता है तो नेताओं को स्थिति का फायदा उठाने का मौका मिलता है। मैं कोई दंगा नहीं चाहती। मैं शांति और राहत चाहती हूं; मैं मजबूती चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि लोग हर तरह के डर से मुक्त रहें।''

## पश्चिम बंगाल : संतरागाछी में विकास कार्यों के चलते हावड़ा की कई ट्रेनें रद्द

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल में संतरागाछी रेलवे यार्ड में विकास कार्यों के कारण हावड़ा स्टेशन आने-जाने वाली कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गईं जिससे यात्रियों को असुविधा हुई।

दक्षिण पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि रद्द करने के बजाय कुछ ट्रेनों का समापन खड़गपुर में ही कर दिया जा रहा है और वहीं से कुछ ट्रेनें चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को संतरागाछी में विकास कार्यों के चालू हो जाने के कारण ट्रेनें निरस्त की गयीं, जिससे कुछ प्रारंभिक समस्याएं उत्पन्न हुई हैं और अब उन्हें दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा, '' दिनोंदिन स्थिति बेहतर हो रही है तथा हमें आशा है कि बुधवार से ट्रेनें हावड़ा आने-जाने लगेंगी।'' उन्होंने बताया कि रद्द की गई ट्रेनों में मंगलवार और बुधवार को हावड़ा-पुरुलिया-हावड़ा एक्सप्रेस और दीघा-हावड़ा एक्सप्रेस तथा मंगलवार को हावड़ा-भुवनेश्वर-हावड़ा एक्सप्रेस शामिल हैं।

# मुंबई इंडियंस आईपीएल प्लेऑफ में अपनी किस्मत खुद तय करने की हकदार है: जयवर्धने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने मंगलवार को कहा कि टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्लेऑफ में जगह बनाने की 'हमेशा से दावेदारी' में थी और मौजूदा सत्र में लगातार छह मैच जीतने के बाद अपनी किस्मत खुद तय करने की हकदार है।

पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में चौथा और अंतिम स्थान हासिल करने के लिए बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत की जरूरत होगी। प्लेऑफ में गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु और पंजाब किंग्स अन्य तीन टीमें हैं। मुंबई की टीम इस मैच में अगर हार का सामना करती है तो उसे 24 मई को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। जयवर्धने ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''हम लगातार छह जीत के बाद हमेशा प्लेऑफ के लिए दावेदार थे। हमारे लिए टूर्नामेंट (फिर से) शुरू होने पर और अच्छा क्रिकेट खेलना जारी रखना जरूरी है। खिलाड़ी इसका इंतजार कर रहे थे। हमारा अभ्यास सत्र



बहुत अच्छा रहा और हम एक समय में एक ही मैच पर ध्यान दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह (प्लेऑफ में पहुंचना) हमारे नियंत्रण में है, यहां होना एक शानदार स्थिति है। मैंने खिलाड़ियों से अपनी योजना को पहले की तरह आगे बढ़ने के लिए कहा है। किसी और के नियंत्रण में होने और उस स्थिति को देखने से बेहतर है कि हम इसे अपने नियंत्रण में रखें। हम कल अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे।'' भारत के पूर्व तेज गेंदबाज और दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने कहा कि उनकी टीम को इस मुकाबले में मिशेल स्टार्क की कमी खलेगी। उन्होंने कहा, ''यह मायने रखेगा क्योंकि वह हमारे मुख्य तेज गेंदबाज हैं जो 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं, गेंद को स्विंग करते हैं। वानखेड़े की विकेट तो वैसे भी स्विंग गेंदबाजों की मददगार होती है। यहां अच्छा उछाल भी मिलता है।''

## पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने बुमराह को कप्तान बनाने का किया समर्थन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मोहम्मद शमी की इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए फिटनेस बनाये रखने की क्षमता पर संदेह हो सकता है लेकिन पूर्व राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य एमएसके प्रसाद, देवांग गांधी और जतिन परांजपे का स्पष्ट तौर पर मानना है कि 'अमरोहा एक्सप्रेस' को इस अहम दौरे के लिए चुना जाना चाहिए।

शमी ने इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए नौ आईपीएल मैच खेले हैं। उन्होंने इन मैचों में केवल छह विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 11 से अधिक रन दिए हैं।

घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले शमी के बारे में पता चला है कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे को ध्यान में रखते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के नेट अभ्यास के



दौरान लाल ड्यूक्स के साथ गेंदबाजी शुरू कर दी है। सनराइजर्स की प्ले-ऑफ क्वालिफिकेशन की उम्मीदें खत्म हो गयी है।

भारतीय दल में 16 खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद इस बात पर बहस चल रही है कि नया कप्तान कौन होना चाहिए। पूर्ववर्ती समिति के सदस्यों में टीम के उप कप्तान को लेकर मतभेद दिखा लेकिन ज्यादातर इस बात पर एकमत थे कि जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाया जाना चाहिए।

प्रसाद, गांधी और परांजपे और गगन खोड़ा ने 'पीटीआई' से अपनी व्यक्तिगत रूप से चुनी गई 'टीम' की सूची साझा की और इस पर अपने विचार साझा किये। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा, ''मेरे कप्तान जसप्रीत बुमराह होंगे क्योंकि उन्होंने पहले ही खुद को इस भूमिका के लिए साबित कर दिया है। जहां तक मेरे उपकप्तान का सवाल है, मैं चाहूंगा कि शुभमन गिल इस जिम्मेदारी के साथ कुछ अनुभव हासिल करें।''

उन्होंने कहा, '' इंग्लैंड में नितीश रेड्डी की गेंदबाजी ऑस्ट्रेलिया की तुलना में अधिक प्रभावी होगी। अगर हम 16 खिलाड़ी चुन रहे हैं तो मैं बाएं हाथ के स्विंग गेंदबाज को चुनूंगा और ऐसे में मेरी पसंद अर्शदीप सिंह है।

## सुविचार

**सबसे बड़ा धर्म अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना है। अपने आप पर भरोसा रखो।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कागजी शेर, रणनीति ढेर

'कोर्ट मार्शल' का हकदार होने पर भी 'फील्ड मार्शल' बनने वाले को जनरल आसिम मुनीर कहते हैं! ऐसा चमत्कार सिर्फ पाकिस्तान में हो सकता है। क्या 'दो क़ौमी' नज़रिए की भड़काऊ बयानबाजी और पहलगाम आतंकी हमला इसलिए कराया था, ताकि मुनीर की नौकरी थोड़ी और पक्की हो जाए? जनरल आसिम मुनीर, जनरल याह्या ख़ान के बाद दूसरे ऐसे सेना प्रमुख हुए हैं, जिनकी फौज को शिकस्त मिलती रही, लेकिन ये अपनी कुर्सी के साथ ज्यादा मजबूती से चिपकने का अभ्यास करते रहे। याह्या शराबखोरी और अनैतिक गतिविधियों में व्यस्त रहे, मुनीर चीनी हथियारों के भरोसे फील्ड मार्शल बनने का ख्वाब देखते रहे। मैदान में दोनों ही कागजी शेर साबित हुए। भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए जाने के बाद पाकिस्तान की हालत खराब हो गई थी। उसका एयर डिफेंस सिस्टम सोता रहा और भारतीय मिसाइलों और ड्रोन्स ने पीओके से लेकर पाकिस्तान के कई इलाकों में तबाही मचा दी थी। अगर कोई मजबूत लोकतांत्रिक देश होता तो बड़बोलेपन और खराब सैन्य प्रदर्शन के कारण मुनीर जैसे सेना प्रमुख के खिलाफ कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू कर देता। मुनीर और शहबाज शरीफ दोनों एक-दूसरे के सम्मान में जिस तरह भारी-भरकम शब्दों वाले बयान दे रहे हैं, उससे पाकिस्तानी जनता उलझन में है। दोनों में से कौन झूठ बोलने में ज्यादा महारत रखता है? शहबाज का यह कहना अत्यंत हास्यास्पद है कि मुनीर ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित की और उच्च रणनीति और साहसी नेतृत्व के आधार पर दुश्मन को हराया, जिसके बदले उन्हें फील्ड मार्शल के तौर पर पदोन्नति दी गई है!

कैसी सुरक्षा, कैसी रणनीति, कैसा नेतृत्व और कैसी जीत? आसिम मुनीर तो बुरी तरह नाकाम हुए हैं। उन्होंने पहलगाम हमले के बाद भारत के तीखे तेवर देखकर अपने आतंकवादियों को 'सुरक्षित' ठिकानों में छिपा दिया, लेकिन भारतीय खुफिया एजेंसियों ने उनका तुरंत पता लगा लिया था। भारत ने ब्रह्मोस की बौछार कर मुनीर की पूरी रणनीति को ज़मींदोज़ कर दिया। अब पाकिस्तान के आतंकवादियों को भी मुनीर पर भरोसा नहीं रहा। वे अपनी जान बचाने के लिए जगह बदलते फिर रहे हैं। दरअसल इस संपूर्ण घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान में भारी जनाक्रोश भड़कने की आशंका थी। मुनीर को फील्ड मार्शल बनाने की घोषणा कर शहबाज ने उनकी कुर्सी बचा ली। साथ ही, उन्होंने अपनी कुर्सी भी सुरक्षित कर ली। अब दोनों इस दुष्प्रचार को हवा देंगे कि 'हम जीत गए, हमने पाकिस्तान को बचा लिया, अगर हम न होते तो मुल्क की ईंट से ईंट बज जाती।' मुनीर और शहबाज अपनी नाकामी को बड़ी कामयाबी बताकर खुद को हीरो की तरह पेश करना चाहते हैं, ताकि इमरान खान का सियासी कद घटाने में आसानी हो और वे अप्रासंगिक हो जाएं। पाकिस्तानी जनता की अक्लमंदी का यह हाल है कि लाहौर और कराची जैसे शहरों में कई जगह मिठाइयां बांटी जा रही हैं! इतनी शर्मनाक शिकस्त पर मिठाई कौन बांटता है? हाथों में लड्डू लेकर जाते ये लोग शेख चिल्ली की कहानियों के पात्र लगते हैं। इन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि ऐसी ही मिठाइयां साल 1965 में भी बांटी गई थीं। तब पाकिस्तान की बागडोर जनरल अय्यूब खान के हाथों में थी, जो इस देश के पहले फील्ड मार्शल बने थे। उन्होंने युद्ध में करारी हार के बावजूद उसे जीत की तरह प्रचारित किया और जनता को खूब मिठाइयां खिलाई थीं। उसके छह साल बाद पाकिस्तान के टुकड़े हो गए थे। अब पाकिस्तान में दूसरे फील्ड मार्शल आए हैं और हार के बावजूद मिठाइयां बंट रही हैं। क्या इतिहास एक बार फिर खुद को दोहराएगा? संकेत तो ऐसे ही मिल रहे हैं।

## ट्वीटर टॉक



वैज्ञानिक जगत में बड़ी प्रतिष्ठा रखने वाले पद्मविभूषण से सम्मानित खगोल वैज्ञानिक डॉ. जयंत नार्लीकर जी का देहावसान भारतवर्ष के एक अत्यंत महनीय व्यक्तित्व की विदाई है। वे आमजन में भी समान ख्याति रखते थे। उनकी नैसर्गिक सरलता उन्हें सबके लिए ग्राह्य बनाती थी।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



'स्वस्थ भारत की आशा' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में जिले की आशा सहयोगिनी बहनों से संवाद का अवसर मिला। आशा बहनें देश के स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं। जब कोई नहीं पहुंचता, तब ये बहनें सेवा, मातृत्व और संवेदना के साथ गाँव-गाँव जाकर दवाइयाँ और उपचार पहुंचाती हैं।

**-ओम बिरला**



श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुआ। बैठक में संगठनात्मक सशक्तिकरण भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की आगामी देशनोक जनसभा को लेकर कार्यकर्ताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

**-मदन राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# जीवन मूल्यों से विजेता

दिग्विजय प्राप्त करने के बाद सिकंदर की अंतरात्मा युद्धों के दौरान हुई हिंसा, बर्बरता तथा हत्याओं की स्मृति से व्यथित हो उठी। एक दिन वह संत डायोनीज की झोपड़ी में गया और हाथ जोड़कर विनम्रतापूर्वक बोला, 'महात्मन, मैं आपको गुरु-दक्षिणा स्वरूप कोई मूल्यवान वस्तु भेंट करना चाहता हूं।' संत डायोनीज ने विश्व-विजयी सिकंदर की ओर गंभीर दृष्टि से देखा और शांत स्वर में कहा, 'सिकंदर, तूने जो भी संपदा अर्जित की है, वह रक्तपात और हिंसा के बल पर प्राप्त की है। तू जो भी मुझे भेंट देगा, उसमें मुझे केवल पाप और बर्बरता ही दिखाई देगी। अतः अपनी भेंट अपने ही पास रख।' संत डायोनीज ने आगे समझाया, 'आतंक, रक्तपात और हिंसा से कभी भी सच्चा दिग्विजयी नहीं बना जा सकता। असली विजेता तो वही है, जिसने अपनी बुराइयों पर विजय पा ली हो।' संत के इन सारगर्भित शब्दों को सुनकर सिकंदर रो पड़ा। उसका हृदय पश्चाताप से भर उठा और अंतरात्मा प्रायश्चित की अग्नि में जलने लगी।

## सामयिक

# आतंक को हर हाल में करना होगा परास्त

**योगेश कुमार गोयल**
**मोबाइल : 9416740584.**



जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी।

यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है।

घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता' की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है।

बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई' को मिटाना बाकी है। जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है।

आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। हममें से हर व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सैनिक बने, चाहे वह सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने की बात हो या बच्चों को कट्टरपंथ से दूर रखने की दिशा में पहल करने की। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

## नजरिया

# बांग्लादेश को महंगी पड़ेगी पाकिस्तान की तरफदारी



**बांग्लादेश में चीन का बढ़ता प्रभाव, विशेष रूप से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत, भारत के लिए चिंता का विषय है। यूनुस की चीन यात्रा के दौरान 2.1 अरब डॉलर के निवेश और कर्ज के बादे ने भारत की चिंताओं को और बढ़ा दिया। इसलिए कलादान प्रोजेक्ट भारत को म्यांमार और दक्षिण-पूर्व एशिया में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगा। साफ है कि भारत ने जिस प्रकार से कदम उठाने शुरू किए है, उससे आने वाले समय में बांग्लादेश की मुश्किलें बढ़ने वाली है। अगर बांग्लादेश को भविष्य में भारत से रिश्ते सुधारने हैं, तो उसको अपने रुख में परिवर्तन लाना होगा, अगर ऐसा वह नहीं करता है, तो पाकिस्तान की तरह ही बांग्लादेश का आर्थिक रुप से कंगाल होना तय है।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**
**मोबाइल : 9219179431**

भारत के सीमा प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद के बाद भारत लगातार एक्शन मोड में है। पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने के बाद अब सरकार के निशाने पर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देश और उनसे नजदीकी रखने वाले मुल्क हैं। इनमें जहां तुर्की और अजरबैजान शामिल हैं, तो वहीं चीन के साथ गहरी दोस्ती निभाने वाला बांग्लादेश भी भारत के निशाने पर है। दरअसल, मोहम्मद युनूस द्वारा बीते दिनों चीन में भारत के लिए विवादित टिप्पणियां की गईं और अब वो इसकी बड़ी कीमत चुकाने वाला है। भारत के सिर्फ एक कदम से ही ड्रैगन के इस दोस्त को 770 मिलियन डॉलर या करीब 6581 करोड़ रुपये (लगभग 9,367 करोड़ बांग्लादेशी टका) का नुकसान होने वाला है। भारत ने बांग्लादेश के कई सामानों के लिए भारतीय लैंड पोर्ट्स को बैन कर दिया है। भारत की ओर से यह कदम बीते 9 अप्रैल को भारत द्वारा 2020 में दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा को वापस लेने के बाद उठाया गया है, जिसने बांग्लादेश को भारतीय बंदरगाहों और यहां तक कि दिल्ली हवाई अड्डे के माध्यम से मध्य पूर्व और यूरोप को निर्यात करने की अनुमति दी थी। बीते शनिवार 17 मई को बांग्लादेश से आयातित कई तरह के सामानों को इन बंदरगाहों पर प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिनमें रेडीमेड गारमेंट और प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट समेत अन्य सामान शामिल हैं।

आपको बता दें कि भारत सरकार ने बांग्लादेश से आने वाले कई उत्पादों के आयात पर जो नया प्रतिबंध लगाया है, वह पूरी तरह से सही और देशहित में है। पाकिस्तान की राह पर चल रहे बांग्लादेश को सबक सिखाने के लिए ऐसे की कठोर कदमों को उठाने की जरूरत है, क्योंकि सत्ता परिवर्तन के बाद से इस देश का रुख पूरी तरह से भारत विरोधी हो गया है। बांग्लादेश एक तरफ जहां खुलकर भारत का विरोध कर रहा है, तो दूसरी तरफ चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती मजबूत करने में लगा हुआ है। यही कारण है कि भारत ने बांग्लादेश पर आर्थिक स्ट्राइक करते हुए आने बाले सामान पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं। पाकिस्तान और चीन परस्त मोहम्मद यूनुस सरकार के खिलाफ भारत ने कड़ा एक्शन लेते हुए जमीनी रास्तों से रेडिमेड कपड़ों, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे कुछ सामानों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिए। सिर्फ न्हावा शेवा (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट, नवी मुंबई) और कोलकाता समुद्री बंदरगाहों के माध्यम से आयात की अनुमति होगी। भारत सरकार के इस फैसले से आने वाले दिनों में बांग्लादेश की यूनुस सरकार को कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नए नियमों के अनुसार, रेडीमेड कपड़े अब केवल न्हावा शेवा और कोलकाता बंदरगाहों के माध्यम से ही आयात किए जा सकेंगे। इन्हें किसी भी जमीनी बंदरगाह से नहीं लाया जा सकेगा। इसके अलावा, प्रोसेस्ड फूड, फलों के रस, कॉटन, प्लास्टिक और लकड़ी के फर्नीचर जैसे सामानों को भी कुछ खास बंदरगाहों से हो लाने की अनुमति होगी। ये सामान असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और पश्चिम बंगाल के कुछ खास चेक पोस्ट से नहीं लाए जा सकेंगे। हालांकि, आंग्लादेशी सामान भारत के रास्ते अगर नेपाल और भूटान जा रहा है तो उस पर ये नियम लागू नहीं होंगे। मछली, एलपीजी, खाने का तेल और पत्थर के टुकड़े जैसे सामानों को इन प्रतिबंधों से छूट दी गई है। सरकार ने पिछले महीने बांग्लादेश को भारत के जमीनी बंदरगाहों के जरिए दूसरे देशों को सामान भेजने की सुविधा भी बंद कर दी थी। भारतीय कपड़ा उद्योग ने पहले इस सुविधा पर चिंता जताई थी और इसे वापस लेने की मांग की थी। कारण है कि इससे व्यापार में असंतुलन हो रहा था। नए प्रतिबंध से साफ है कि नेपाल तथा भूटान को छोड़कर अन्य देशों को बांग्लादेश भारत के रास्ते सामानों का निर्यात नहीं कर सकता। माना जा रहा है कि इस कदम से बांग्लादेश को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

आर्थिक जानकारों के अनुसार भारत ने बांग्लादेश से आने वाले 42 प्रतिशत सामान पर रोक लगा दी है। इससे लगभग 770 मिलियन डॉलर (करीब 66 हजार करोड़ रुपये) के सामान पर असर पड़ेगा। इसका मतलब है कि भारत अब बांग्लादेश से कुछ खास चीजें कम मात्रा में खरीदेगा। ये नियम जमीनी रास्तों से होने वाले व्यापार पर लागू होंगे। नए नियमों के अनुसार, बांग्लादेश से आने बाले कुछ खास सामान जैसे रेडीमेड कपड़े, प्रोसेस्ड फूड और प्लास्टिक के सामान अब कुछ खास समुद्री बंदरगाहों से ही भारत में आ सकेंगे। कुछ सामान को तो जमीनी रास्तों से पूरी तरह से बैन कर दिया गया है। उदाहरण के लिए, बांग्लादेश से हर साल लगभग 618 मिलियन डॉलर के रेडीमेड कपड़े भारत आते हैं। अब ये कपड़े सिर्फ कोलकाता और नावा शेवा बंदरगाहों से ही आ सकेंगे। पहले ये कपड़े जमीनी रास्तों से भी आते थे, जो अब बंद हो गए हैं। भारत के इस कदम से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। सबसे ज्यादा प्रभाव कपड़ा निर्यात पर दिखाई देगा।

अगर भारत की सख्ती इसी तरह रही तो बांग्लादेश भी पाकिस्तान की तरह गर्त में चला जाएगा और भूखे मरने की नौबत आ सकती है। देखा जाए तो मोहम्मद यूनुस एक तरफ जहां भारत विरोधी बयान दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ चीन के साथ व्यापार भी बढ़ रहे हैं। मार्च 2025 में बांग्लादेश के अंतरिम मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की चीन यात्रा के दौरान 2.1 अरब डॉलर के निवेश और सहयोग समझौते हुए। इससे पता चलता है कि बांग्लादेश और चीन के बीच संबंध बढ़ रहे हैं। साथ ही माना जा रहा है कि यह निर्णय बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस द्वारा हाल ही में चीन में दिए गए विवादास्पद बयान के संदर्भ में लिया गया है। चीन में युनूस ने कहा था कि भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य, जो बांग्लादेश के साथ लगभग 1,600 किमी की सीमा साझा करते हैं के पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। समुद्री रास्ते के लिए भारत के ये राज्य बांग्लादेश पर निर्भर हैं। युनूस ने यह भी कहा था कि बांग्लादेश इस क्षेत्र में हिंद महासागर का एकमात्र संरक्षक है। यूनुस ने चीन को बांग्लादेश के माध्यम से दुनियाभर में माल भेजने के लिए भी आमंत्रित किया था। युनूस के इस बड़बोलेपन को भारत ने बेहद गंभीरता से लिया।

बांग्लादेश के इस दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप भारत के भीतरी इलाकों से पूर्वोत्तर तक पहुंच बंद हो गई। बांग्लादेश के भूमि-बंदरगाह प्रतिबंधों के कारण, पूर्वोत्तर राज्यों को स्थानीय रूप से निर्मित वस्तुओं को बेचने के लिए बांग्लादेश के बाजार तक पहुंच की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बाजार तक पहुंच केवल प्राथमिक कृषि वस्तुओं तक ही सीमित हो गई है। वहीं दूसरी ओर, बांग्लादेश को पूरे पूर्वोत्तर बाजार तक खुली पहुंच हासिल है। इससे अस्वस्थ निर्भरता पैदा हो रही है तथा पूर्वोत्तर राज्यों में विनिर्माण क्षेत्र का विकास अवरुद्ध हो रहा है। इसके अलावा, भारत अब बांग्लादेश को पूरी तरह से अलग-थलग करने में जुटा गया है। भारत ने पूर्वोत्तर राज्यों को कोलकाता से जोड़ने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी दिखाई है, जो म्यांमार के रास्ते समुद्री मार्ग से गुजरेगी और बांग्लादेश को पूरी तरह से दरकिनार करेगी। इस परियोजना में मेघालय के शिलांग से असम के सिलचर तक 166.8 किलोमीटर लंबा चार लेन वाला हाई-स्पीड राजमार्ग शामिल है, जो म्यांमार में चल रही 'कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट' का विस्तार होगा। यह कदम न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा, बल्कि भारत की सामरिक स्वायत्तता और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को भी मजबूत करेगा।

बांग्लादेश में चीन का बढ़ता प्रभाव, विशेष रूप से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत, भारत के लिए चिंता का विषय है। यूनुस की चीन यात्रा के दौरान 2.1 अरब डॉलर के निवेश और कर्ज के बादे ने भारत की चिंताओं को और बढ़ा दिया। इसलिए कलादान प्रोजेक्ट भारत को म्यांमार और दक्षिण-पूर्व एशिया में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगा। साफ है कि भारत ने जिस प्रकार से कदम उठाने शुरू किए है, उससे आने वाले समय में बांग्लादेश की मुश्किलें बढ़ने वाली है। अगर बांग्लादेश को भविष्य में भारत से रिश्ते सुधारने हैं, तो उसको अपने रुख में परिवर्तन लाना होगा, अगर ऐसा वह नहीं करता है, तो पाकिस्तान की तरह ही बांग्लादेश का आर्थिक रुप से कंगाल होना तय है। यह कदम बंगला देश की वर्तमान सरकार की अक्ल को ठिकाने लगाएगा।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कैंसर हम सभी को प्रभावित करता है,हम प्रतिकूल परिस्थितियों में सबसे मजबूत होते हैं: बाइडन

वाशिंगटन/एपी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन कैंसर से जूझ रहे हैं। कैंसर से उनका नाता नया नहीं है बल्कि उनके परिवार में एक कहावत है कि तीन सबसे बुरे शब्द जो कोई भी सुन सकता है वो है कि ''आपको कैंसर है''।

एक दशक पहले, उनके बेटे ब्यू बाइडन की ब्रेन ट्यूमर से मौत हो गई थी। उनकी पत्नी जिल भी दो बार इस बीमारी की चपेट में आ चुकी हैं। अब पूर्व राष्ट्रपति के इसकी चपेट में आने का पता चला है ।

बाइडन के कार्यालय ने सप्ताहांत में उनके 'प्रोस्टेट कैंसर' से पीड़ित होने का खुलासा किया था और बताया कि कैंसर उनकी हड्डियों तक फैल चुका है।

बीमारी का पता चलने के बाद बाइडन ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''कैंसर हम सभी को प्रभावित करता है। आप में से बहुतों की तरह जिल और मैंने सीखा है कि हम प्रतिकूल परिस्थितियों में सबसे मजबूत होते हैं।''

कैंसर की पुष्टि होने से पहले ही बाइडन अपने स्वास्थ्य के कारण सवालों के घेरे में आ गए थे और इस तरह के सवाल उठ रहे थे कि उन्हें दोबारा राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं।

स्वास्थ्य कारणों से पद के लिए योग्यता को लेकर सवाल उठने के कारण वह राष्ट्रपति पद के चुनाव से हट गए थे और उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया। हालांकि हैरिस को हराकर डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने।

बाइडन (82) एक ऐसी बीमारी से लड़ रहे हैं जिसने उनके दशकों लंबे करियर पर अचानक रोक लगा दी थी।

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में बाइडन तब उपराष्ट्रपति थे जब उनके बेटे ब्यू की 2015 में मौत हो गई थी। इसके अगले साल उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी लेने से मना कर दिया जिससे हिलेरी क्लिंटन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनीं, जिन्हें ट्रंप ने 2016 में हराया।

ओबामा की लंबे समय तक सलाहकार रहीं वैलेरी जैरेट ने कहा कि बाइडन काम में डूबकर अपना दर्द भूल जाना चाहते थे और यह पता लगाना चाहते थे कि कैंसर के इलाज को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है ताकि किसी और को उस पीड़ा से नहीं गुजरना पड़े जिससे वह गुजरे हैं। कुछ साल बाद बाइडन 2020 में ट्रंप के खिलाफ प्रचार में उतरे, हालांकि ब्यू की मौत का गम कभी उनसे दूर नहीं रहा। उनके सबसे बड़े बेटे ब्यू डेलावेयर के अटॉर्नी जनरल थे और उन्हें अक्सर बाइडन के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता था।

बाइडन अक्सर कहते थे, ''ब्यू को राष्ट्रपति पद के लिए लड़ना चाहिए था, मुझे नहीं।'' बाइडन ने कहते थे, ''कैंसर को हम मिल कर हरा सकते हैं।''

बाद के वर्षों में उनकी पत्नी जिल बाइडन ने दो बार कैंसर का सामना किया और इस बीमारी को शिकस्त दी।

अफ्रीका की यात्रा के दौरान 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को उन्होंने बताया कि रोग के बारे में जानना ''जितना मैंने सोचा था उससे थोड़ा कठिन था। मैं भाग्यशाली हूं। मेरा यकीन मानिए, मैं सच में बहुत भाग्यशाली हूं कि उन्होंने (चिकित्सकों ने) इसे पकड़ लिया और इसे मेरे शरीर से हटा दिया और अब मैं स्वस्थ हूं।''

यह पहली बार नहीं है जब बाइडन किसी घातक बीमारी का सामना कर रहे हैं। 1988 में अपना पहला राष्ट्रपति अभियान समाप्त करने के कुछ महीने बाद वह न्यूयॉर्क के एक होटल के कमरे में बेहोश हो गए थे।

अपने संस्मरण ''प्रॉमिस टु कीप'' में उन्होंने इसका जिक्र करते हुए कहा कि ''मेरे सिर के अंदर जैसे बिजली कौंध रही थी, मानो बहुत तेज झटका लग रहा था, ऐसा असहनीय दर्द मैंने पहले कभी महसूस नहीं किया था।''

उद्घाटन



जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को गंदेरबल के बाकुरा में एक महत्वपूर्ण जलापूर्ति योजना के उद्घाटन के दौरान।

# एनटीआर जूनियर के जन्मदिन पर फिल्म 'वॉर 2' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के जन्मदिन पर आज फिल्म वॉर 2 का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने कुछ दिन पहले वादा किया था कि एनटीआर का जन्मदिन इस बार धमाकेदार होगा, और उन्होंने वादा निभाया। यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) स्पाई यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का टीज़र आज रिलीज कर दिया गया है। अयान मुखर्जी निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में वर्ल्डवाइड रिलीज़ होगी। 'वॉर 2', वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जिसकी पिछली सभी किश्तें जैसे 'एक था टाइगर', 'टाइगर ज़िंदा है', 'वॉर', 'पठान', और 'टाइगर 3' सुपरहिट रही हैं। टीज़र में जबरदस्त एक्शन, हाई-ऑक्टेन स्टंट और ऋतिक-एनटीआर की टक्कर ने फैंस को रोमांचित कर दिया है। फिल्म इंडस्ट्री में इस साल की सबसे बड़ी रिलीज़ माना जा रहा है।



## कियारा आडवाणी की एंट्री

बॉलवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म वॉर 2 में नए अवतार के साथ यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) स्पाई यूनिवर्स में धमाकेदार एंट्री की है। कियारा आडवाणी ने वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में अपनी पहली फिल्म वॉर 2 के ज़रिए शानदार एंट्री की है। हर किरदार के साथ खुद को नए अंदाज़ में पेश करने वाली कियारा इस बार एक नई, बोल्ड और ताज़ा ऊर्जा लेकर आई हैं, जो उनके फिल्मी करियर की अब तक की सबसे अलग छवि दिखाती है। फिल्म वॉर 2 का टीजर रिलीज कर दिया गया है।

कियारा ने सोशल मीडिया पर टीज़र शेयर करते हुए लिखा,इसमें बहुत सारी चीज़ें पहली बार हुई हैं। पहली वाईआरएफ फिल्म,पहली एक्शन फिल्म,पहली बार इन दो ज़बरदस्त हीरोज़ के साथ,पहली बार अयान के साथ काम ,और हाँ, पहली बार बिकिनी शॉट,ये रहा टीज़र, उम्मीद है अगस्त के लिए आपको एक्साइटेड कर दिया होगा।

टीजर में हालांकि कियारा के किरदार की जानकारी अभी गोपनीय रखी गई है, लेकिन उनकी पहली झलक ने ही दर्शकों के बीच भारी उत्साह पैदा कर दिया है। टीज़र में कियारा आडवाणी अब तक के अपने सबसे हॉट अवतार में नज़र आती हैं, जहाँ उनका बिकिनी लुक सबका ध्यान अपनी ओर खींचता है। हालांकि फिल्म की कहानी अभी पूरी तरह से सामने नहीं आई है, लेकिन इतना साफ है कि कियारा का किरदार फिल्म की थ्रिल और एक्शन से भरी कहानी में एक अहम भूमिका निभाने वाला है।

# भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के अच्छे अवसर : विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप

द हेग/भाषा। नीदरलैंड के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ अपने द्विपक्षीय सहयोग को अगले स्तर तक ले जाने के लिए शानदार अवसर देख रहा है और वह सुरक्षा तथा महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने के लिए तत्पर है।

वेल्डकैंप की यह टिप्पणी सोमवार को नीदरलैंड के दौरे पर आए अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात के बाद आई है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद की स्थिति पर भी चर्चा की।

वेल्डकैंप ने 'एक्स' पर लिखा, '' पिछले महीने भारत में मुलाकात के बाद मुझे डॉ. एस जयशंकर का हेग में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हमने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद की स्थिति और तनाव कम करने की दिशा में एक कदम के रूप में पाकिस्तान के साथ शत्रुता समाप्त करने पर चर्चा की।'' उन्होंने कहा, '' तेजी से बदलती इस दुनिया में मैं द्विपक्षीय सहयोग को अगले स्तर तक ले जाने के महान अवसर देखता हूं। हम अपनी दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की स्थापना के लिए तत्पर हैं, जिसमें सुरक्षा और महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।'' जयशंकर अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में यहां आए हैं, वे डेनमार्क और जर्मनी भी जाएंगे। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की नीदरलैंड द्वारा की गई कड़ी निंदा और आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को समर्थन देने की सराहना की।

जयशंकर ने वेल्डकैंप के साथ अपनी बैठक के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' आज हेग में मेरी मेजबानी करने के लिए नीदरलैंड के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप का आभार। पहलगाम हमले की नीदरलैंड की ओर से की गई कड़ी निंदा और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का समर्थन करने की सराहना करता हूं।'' उन्होंने कहा, '' यूरोपीय संघ के साथ हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और सहभागिता को गहरा करने पर व्यापक चर्चा हुई। बहुध्रुवीयता के युग में वैश्विक स्थिति पर चर्चा की।''

जयशंकर ने नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स से भी मुलाकात की, जिन्होंने बैठक के बाद कहा, '' इस अशांत समय में भारत के साथ घनिष्ठ सहयोग पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री जयशंकर का स्वागत करना सम्मान की बात है।''

जयशंकर ने सोमवार को भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, '' भारत और नीदरलैंड के बीच मजबूत संबंध बनाने में समुदाय के योगदान की सराहना करता हूं।''



# फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' 23 को रिलीज होगी

मुंबई/एजेन्सी

वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' 23 मई को रिलीज होगी। दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार रश्मिका मंदाना एक बार फिर अपने फैंस का दिल जीत रही हैं। इस बार उनकी नई पोस्ट में उनका नया 'बेस्ट फ्रेंड फॉरएवर ' नजर आ रहा है , जो वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज की फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' का शरारती और क्यूट स्टिच है। रश्मिका, जो अपने मजेदार किरदारों, यादगार अंदाज और पॉप-कल्चर के प्रति अपने अनोखे प्यार के लिए जानी जाती हैं, इस बार प्यारे, नटखट नीले एलियन स्टिच के साथ मस्ती करती नजर आ रही हैं, जिससे फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा,इतना क्यूट कि संभालना मुश्किल, और इतना क्रेज़ी कि नजरअंदाज़ करना नामुमकिन। मेरी बेस्टी मुझे पागलपन और खुशियों से भर रही है!प्लीज़ बताओ कि मैं ही अकेली नहीं हूं जो इस पर फिदा हो रही है। ये 23 मई से सिनेमाघरों में आने वाला है! 'लिलो एंड स्टिच' एक बढ़िया मजेदार और दिल को छू जाने वाली कहानी है। ये कहानी है एक अकेली हवाइयान लड़की और एक भागे हुए एलियन की, जो उसके टूटे परिवार को जोड़ने में मदद करता है। डिज्नी की एनिमेटेड क्लासिक फिल्म लिलो एंड स्टिच 23 मई को भारत के सिनेमाघरों में अंग्रेज़ी, हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज़ होगी।



## पासिंग आउट परेड

नई दिल्ली के झरोदा कलां में दिल्ली पुलिस अकादमी में नवनियुक्त कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड के बाद एक पुलिस कर्मी अपनी मां के साथ पोज देता हुआ।

# एक्शन मोड में राशि खन्ना : अभिनेत्री ने अपने आगामी एक्शन प्रोजेक्ट के सेट से शेयर किया स्टंट लुक

मुंबई/एजेन्सी

पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना अब ऐक्शन की दुनिया में एक और बड़ा कदम रखने जा रही हैं, और उनके हाल ही में शेयर किए गए बिहाइंड-द-सीन्स लुक से साफ है कि वह इस बार कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। अपने आगामी एक्शन प्रोजेक्ट के सेट से शेयर की गई एक आकर्षक तस्वीर में राशि चोटिल, खून से लथपथ और पूरी तरह से किरदार में डूबी नजर आ रही हैं, जो एक ऐसे किरदार को दर्शाती हैं जो न सिर्फ शारीरिक बल्कि भावनात्मक रूप से भी काफी चुनौतीपूर्ण लग रहा है।

एक सादे टी-शर्ट और काले पैंट में नजर आ रहीं राशि की नाक और हाथ पर साफ़ चोटों के निशान दिख रहे हैं। वह एक गंभीर और तनावपूर्ण सीन में बैठी हैं, और उनका एक्सप्रेशन, मेकअप और लाइटिंग मिलकर इस तस्वीर को बेहद प्रभावशाली बना देते हैं। यह लुक उनके अब तक के ग्लैमरस और पॉलिश्ड लुक्स से बिल्कुल अलग है जो उनके अभिनय के नए, और कहीं ज़्यादा रॉ पहलू की ओर



इशारा करता है। राशि ने सोशल मीडिया पर छवि साझा की, और इसके कैप्शन में लिखा, कुछ किरदार पूछते नहीं।वे मांगते हैं।तुम्हारा शरीर। तुम्हारी साँसें। तुम्हारे ज़ख्म।और जब तुम तूफ़ान बन जाते हो, तो आप बिजली की गड़गड़ाहट से नहीं घबराते। जल्द आ रही है

इंटरनेट पर इस लुक को लेकर काफी चर्चा हो रही है। फैंस और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स राशि के इस लुक की गंभीरता और उनके समर्पण की जमकर सराहना कर रहे हैं। हर किरदार में खुद को पूरी तरह से झोंक देने वाली राशि ने इस प्रोजेक्ट के लिए कड़ी फिजिकल ट्रेनिंग और स्टंट प्रैक्टिस की है।यह रोल न केवल एक्शन से भरपूर है बल्कि इसमें इमोशनल गहराई की भी मांग है और राशि इन दोनों को बेहतरीन ढंग से पेश करती दिख रही हैं।

हाल ही में उन्होंने 'द साबरमती रिपोर्ट' में एक जुझारू पत्रकार का किरदार निभाया था, जिससे यह साबित होता है कि वह जटिल और विविध किरदारों को बखूबी निभा सकती हैं। इनवेस्टिगेटिंग ड्रामा से लेकर जबरदस्त एक्शन तक, राशि एक कलाकार के रूप में अपने अभिनय की रेंज और गहराई को दर्शा रही हैं।और अब इस नई फिल्म के साथ, वह अपने करियर के सबसे कठिन शारीरिक किरदार में कदम रखने जा रही हैं जो उन्हें भारतीय सिनेमा की सबसे दमदार और बहुमुखी प्रतिभाओं में शामिल कर रहा है।

# मोहम्मद रफी ने मेरे कैरियर को दिया आकार : सोनू निगम

मुंबई/एजेन्सी

गायक सोनू निगम ने म्यूजिक इवेंट 'सौ साल पहले 2.0 - एक बार फिर से' के साथ मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी। मशहूर गायक ने दिवंगत रफी साहब को अपना गुरु बताया और उन्हें अपनी सफलता का श्रेय दिया। शो में सोनू निगम ने अपने जज्बात साझा किए। उन्होंने कहा, मैं अपने पहले गुरु मोहम्मद रफी साहब और अपने माता-पिता का बहुत आभारी हूं। मेरे पिता ने ही मुझे रफी साहब की गायकी और संगीत से परिचित कराया, फिर रफी साहब ने मेरे करियर को आकार दिया, मुझे वह बनाया जो मैं आज हूं।

उन्होंने आगे कहा, रफी साहब की वजह से मैं हूं, मेरा वजूद है। इसलिए, यह संगीत कार्यक्रम मेरे दिल में खास जगह रखता है। क्योंकि यह अपने गुरु के प्रति भक्ति या श्रद्धा व्यक्त करने का भी एक शानदार मौका है।

एनआर टैलेंट ने इस संगीत कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मद



रफी के सम्मान में रखा था, जिसमें सोनू ने अपने माता-पिता के साथ मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मोहम्मद रफी के कई गानों को शामिल किया गया। सोनू निगम ने 'तू कहां ये बता', 'तुम मिल गए हो', 'मैं जिंदगी का साथ', 'रंग और नूर की बारात', 'परदा है परदा', 'पुकारता चला हूं मैं', 'दर्द-ए-दिल', 'सुहानी रात', 'क्या हुआ तेरा वादा' जैसे क्लासिक गाने पेश किए। सोनू ने रफी के क्लासिक 'फिर मिलोगे कभी', 'एहसान तेरा होगा मुझ पर', 'अभी ना जाओ छोड़कर', 'जाने क्या ढूंढती रहती हैं', 'जो वादा किया वो', 'चौदहवीं का चांद' समेत अन्य गाने गाए। कॉन्सर्ट में सोनू ने अपने दोनों गुरुओं - मोहम्मद रफी और उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के बच्चों को मंच पर आमंत्रित किया। मोहम्मद रफी के बेटे शाहिद रफी के साथ उनकी पत्नी फिरदौस भी थीं, उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के बेटे रब्बानी मुस्तफा खान के साथ उनकी पत्नी नम्रता गुप्ता खान भी थीं।


भावुक शाहिद रफी ने जब 'चांद मेरा दिल' और 'गुलाबी आंखें' गाने गाए तो दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। एनआर टैलेंट एंड इवेंट मैनेजमेंट के होस्ट रब्बानी मुस्तफा खान और नम्रता गुप्ता खान ने संयुक्त रूप से कहा, हम सम्मानित महसूस करते हैं कि ईश्वर ने हमें इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए चुना। 24 दिसंबर, 2024 को रफी साहब की 100वीं जयंती पर सौ साल पहले की शानदार सफलता को देखते हुए हमने यह फैसला लिया।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का हिस्सा बनना रोलरकोस्टर राइड जैसा : अक्षय ओबेरॉय

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय का कहना है कि फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का हिस्सा बनना उनके लिये किसी रोलरकोस्टर राइड जैसा है। अक्षय ओबेरॉय एक बार फिर दर्शकों को अपने अभिनय से मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। करण जौहर के प्रोडक्शन में बन रही फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में का निर्देशन शशांक खेतान कर रहे हैं। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की धमाकेदार टीम नजर आने वाली है। अक्षय के लिए इस हाई-एनर्जी एंटरटेनर का हिस्सा बनना एक जबरदस्त अनुभव रहा है। खासकर वरुण और जान्हवी के साथ काम करना। अक्षय ने इस फिल्म के सेट की खास वाइब को लेकर कहा, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का हिस्सा बनना किसी रोलरकोस्टर राइड जैसा है।

सेट पर ऊर्जा गजब की होती है, और इतनी शानदार कास्ट के साथ काम करना अपने आप में एक अलग ही क्रेज है। हर दिन एक नया एडवेंचर होता है, जब इतने टैलेंटेड एक्टर्स अपने-अपने रंग सीन में भरते हैं। अक्षय सेट के सहयोगात्मक माहौल की भी सराहना करते हैं: चाहे वह वरुण हों, जान्हवी हों, सान्या हों या रोहितहर कोई एक-दूसरे की परफॉर्मेंस से लगातार प्रेरणा लेता है, और यही एक ऐसा डाइनैमिक बनाता है जो हर फिल्म में नहीं देखने को मिलता।





# 'द पैराडाइज' में नेचुरल स्टार नानी के साथ काम करेंगे राघव जुयाल

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल, फिल्म द पैराडाइज में नेचुरल स्टार नानी के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि राघव जुयाल, नानी अभिनीत फिल्म द पैराडाइज में शामिल हो गए हैं। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राघव ने एक बड़ा संकेत दिया है। राघव ने अपने सोशल मीडिया पर अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित द पैराडाइज के नए रिलीज़ किए गए मूल थीम का उपयोग करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया। इसके बाद से राघव जुयाल के द पैराडाइज में काम करने की अटकलें लगाई जा रही हैं। राघव जुयाल ने किल में एक खतरनाक खलनायक के रूप में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित प्रदर्शन के बाद खुद को स्थापित कर लिया है। यदि अफवाहें सच होती हैं, तो द पैराडाइज़ में दो शानदार कलाकारों- नानी और राघव जुयाल के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव हो सकता है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बन रही फिल्म द पैराडाइज नानी के साथ उनकी दूसरी फिल्म है। एसएलवी सिनेमास के बैनर तले बन रही इस फिल्म में म्यूजिक की कमान अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। इस फिल्म में नानी एक बार फिर दमदार रोल में नजर आएंगे, जिससे दर्शकों को एक यादगार सिनेमैटिक एक्सपीरियंस मिलने की पूरी उम्मीद है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

स्वाभिमान गिरवी रखकर प्राप्त किया हुआ सोना, चांदी, महल भी मिट्टी के समान है और स्वाभिमान की सूखी रोटी भी पांच पकवान से बढ़कर है। जिस व्यक्ति के जीवन में देश के प्रति स्वाभिमान नहीं होता वह जिंदा भी मुर्दे के समान है। स्वाभिमान ही धर्म का प्रवेश द्वार है, इसके बिना कितना ही दान, त्याग, तपस्या की जाएं, सब व्यर्थ हैं। यहां तक कि यदि संत भी बन जाए तो भी विश्व के किसी धर्म में प्रवेश नहीं हो सकता है। विश्व के सभी महापुरुषों ने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना तन, मन, धन सर्वस्व न्योछावर कर दिया।






# ‘बलिदान का दूसरा नाम मां है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। भारतीय जैन संघटना कोयंबतूर पुरुष एवं लेडीज विंग द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष में 18 मई को स्थानीय राजस्थानी संघ में आयोजित किया गया। माँ के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में क़रीब 70 माताएं एवं 30 बच्चों ने भाग लिया। हमारे जीवन में माँ का स्थान और माँ के त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया।

चैप्टर के अध्यक्ष राकेश गोलेछा द्वारा सभी का स्वागत किया गया। सभी माताओं को तिलक लगाकर सम्मान के साथ हॉल में प्रवेश कराया गया। बीजीएस तमिलनाडु के सचिव राजेश पोकरना द्वारा संघटन के समाज हित में कार्यों की जानकारी दी गई। माताओं में मदन बाई पोकरना, ममता बागरेचा, आशा कोचर, सविता भंसाली, उषा क़वाड़, टीना श्रीश्रीमाल, मनीषा सवानी, पद्माजी गोलेचा आदि ने ’माँ की ममता’ विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। युवाओं एवं बच्चों में मनोज हिंगड़, हर्षित श्रीश्रीमाल, सिद्धी बागरेचा, मितीषा बंब, ईशिता सवानी, सेजल भंसाली, माही श्रीश्रीमाल, नेहा सुराना ने माँ के सम्मान में बोलकर सब को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम् के दौरान कई बार माहौल इतना भावुक हो गया कि सभी की आंखें नम हो गई। बीजीएस तमिलनाडु के संघटन मंत्री धर्मेंद्र श्रीश्रीमाल ने भी मातृ दिवस पर अपने विचार रखे। चेन्नई से आई प्रियंका चोराडिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। महिला विंग की अध्यक्ष सपना लोढ़ा, सचिव संगीता सुराना एवं सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। अंत में सपना लोढ़ा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# पत्थर खदान में चट्टान धंसने से पांच व्यक्तियों की मौत, सहायता राशि की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिवगंगा। तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में मंगलवार को एक पत्थर खदान में अचानक चट्टान धंसने से पांच व्यक्तियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मल्लाकोट्टई गांव में निजी पत्थर खदान स्थल पर पांच श्रमिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री सार्वजनिक राहत कोष से चार-चार लाख रुपये और अस्पताल में उपचाराधीन घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। मृतकों में ज्यादातर मजदूर थे जो जिले के सिंगमपुनारी के पास मल्लाकोट्टई में खदान स्थल पर मलबे में फंस गए। पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मियों ने पत्थरों को हटाने के बाद तीन लोगों के शव बाहर निकाले। पुलिस ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय दो और व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य को मदुरै के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान राज्य के मुरुगनंदम, अरुमुगम, गणेशन और अंदिचामी तथा ओडिशा के हर्षित के रूप में हुई है। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह हादसा रात भर हुई बारिश की वजह से हुआ या मजदूरों द्वारा इस्तेमाल किए गए विस्फोटकों के कारण हुआ।

स्टालिन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने हादसे के बारे में जानकारी मिलने के तुरंत बाद जिला कलेक्टर आशा अजीत से संपर्क किया और उनसे बचाव अभियान में तेजी लाने को कहा। उन्होंने साथ ही, राज्य के सहकारिता मंत्री के आर पेरियाकरुप्पन को घटनास्थल का दौरा करने और बचाव गतिविधि की देखरेख करने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री स्टालिन के हवाले से एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्वास्थ्य अधिकारियों को अस्पताल में भर्ती लोगों को अत्याधुनिक उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। दुर्घटना स्थल का दौरा करने के बाद, पेरियाकरुप्पन ने कहा कि प्रशिक्षित कर्मियों को यह जांच करने के लिए लगाया जाएगा कि कोई अन्य श्रमिक पत्थरों के नीचे दबा हुआ तो नहीं है।



# अम्बे माँ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। यहां श्री मदुराई राजस्थानी सेवा समाज ट्रस्ट, की ओर से नवनिर्मित श्री अम्बे माताजी मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए स्थानीय श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के पदाधिकारियों को आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया गया। श्रावक संघ के प्रसार प्रचार मंत्री दिनेश सालेचा ने बताया कि तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 29 मई से महंत मठाधीशों, एवं गुरु श्री मंगलाईनाथजी महाराज के पावन सान्निध्य में होगा। इस मौके पर श्री मदुराई राजस्थानी सेवा समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, उपाध्यक्ष हुकुमसिंह दहिया, भुराराम चौधरी, महासचिव पुनमाराम प्रजापत, कोषाध्यक्ष बाबुलाल कुमावत, सभा के अध्यक्ष जुहारसिंह चौहान, प्रताप जांगिड़, गंगासिंह सिंघल, हंजाराम माली सहित सदस्यगण अलावा स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के संरक्षक नेमीचन्द बाफना, अध्यक्ष विजराज श्रीश्रीमाल, शायरमल भंड़ारी, भागचंद बाफना, प्रकाशमल गुलेच्छा, रतनलाल भंड़ारी, शांतिलाल गुलेच्छा, मुकेश चौपड़ा, आनंद बागरेचा आदि मौजूद थे।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मंगलूरु।** मंगलूरु पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 300 से अधिक लोगों से एक करोड़, 82 लाख रुपये की ठगी एवं धोखाधड़ी करने के एक मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलूरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने ’पीटीआई भाषा’ को यह जानकारी दी ।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने इस मामले के शिकायतकर्ता को विदेश में नौकरी दिलाने का विश्वास दिलाकर उससे 1,65,000 रुपये ऐंठ लिए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कई अन्य युवकों को भी इसी तरह झांसा देकर लगभग 1 करोड़ 82 लाख रुपये की धोखाधड़ी की।

अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में मंगलूरु शहर के पूर्वी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था जिसकी जांच अब पुलिस की अपराध शाखा कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंबई निवासी मसीउल्लाह अतीउल्लाह खान (36 वर्ष)के रूप में हुई है। उसे गहन पूछताछ की जा रही है। अग्रवाल ने यह भी बताया कि आरोपी के खिलाफ दिसंबर 2024 में मंगलूरु पूर्वी पुलिस थाने में आव्रजन अधिकारियों ने बिना किसी वैध लाइसेंस या परमिट के कंपनी खोलकर विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने के आरोप में एक मामला दर्ज किया था।

दोनों मामले विस्तृत जांच के लिए मंगलूरु पूर्वी पुलिस की अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिए गए हैं। इससे पूर्व सोमवार को मंगलूरु पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी से जुड़े आपराधिक मामलों की जांच में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में अपने दो पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत

# प्रधानमंत्री कल देश भर में 103 उन्नत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे

## दक्षिण रेलवे में 13 अमृत स्टेशनों का होगा उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 22 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। सभी 103 अमृत स्टेशनों पर समारोह आयोजित किए जाएंगे। आम जनता के अलावा, यात्री संघ, स्कूल और कॉलेज के छात्र, स्काउट और गाइड, रेलवे कर्मचारी और रेल उपयोगकर्ता निर्वाचित प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रत्येक स्टेशन पर कार्यक्रम में भाग लेंगे। देशभक्ति विषयों पर छात्रों के लिए प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और विजेताओं को उचित रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

दक्षिण रेलवे में, 13 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल रूप से किया जाएगा। अमृत स्टेशन में चेन्नई डिवीजन के सेंट थॉमस माउंट सुल्लुरुपेटा है। सेलम डिवीजन के सामलपट्टी, तिरुचिरापल्ली डिवीजन के चिदम्बरम, श्रीरंगम, तिरुवन्नामलाई,पोलूर, वृद्धाचलम, मन्नारगुडी। पलक्कड़ डिवीजन के वडकारा और माहे। तिरुवनंतपुरम् डिवीजन के चिरयिन्कीज़ और कुलित्तुरई स्टेशन शामिल हैं। उपरोक्त सभी 13 स्टेशनों पर औपचारिक समारोह आयोजित किये जायेंगे दक्षिण रेलवे में देशभक्ति थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और संबंधित क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री के तत्वावधान में आयोजित केंद्रीय समारोह का सभी 13 स्टेशनों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा, उसके बाद स्थानीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# तमिलनाडु के वकील ने वक्फ संशोधन अधिनियम का समर्थन करते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। चेन्नई के एक वकील ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जारी सुनवाई में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। वकील एच मोहम्मद इस्माइल ने अपनी हस्तक्षेप याचिका में इस कानून का समर्थन किया।

इस्माइल की याचिका में वक्फ संपत्तियों के सामाजिक-आर्थिक और धर्मनिरपेक्ष महत्व को रेखांकित किया गया है तथा उनके बेहतर प्रबंधन के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की अपील की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि पवित्र कुरान और हदीस में जिस तरह से वक्फ की अवधारणा की गई है, वह स्वाभाविक रूप से धर्मनिरपेक्ष है और धार्मिक उद्देश्यों तक सीमित नहीं है।

याचिका में कहा गया, ‘‘1400 से अधिक वर्षों से वक्फ ने धार्मिक और परमार्थ उद्देश्यों के लिए एक सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में काम किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानवता का कल्याण है।’’ याचिका में 2006 में संसद में पेश सच्चर समिति की रिपोर्ट के निष्कर्षों का हवाला देते हुए याचिका में वक्फ संपत्तियों के बहुत ही कम उपयोग को प्रमुखता से उठाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उस समय वक्फ संपत्तियों का बाजार मूल्य 1.2 लाख करोड़ रुपये आंका गया था, फिर भी उनसे सालाना मात्र 163 करोड़ रुपये की आय हुई, जो मात्र 2.7 प्रतिशत लाभ था। वकील ने कहा कि कुशल प्रबंधन के साथ लाभ कम से कम 10 प्रतिशत तक पहुंच सकता था, जिससे सालाना लगभग 12,000 करोड़ रुपये की आय हो सकती थी।

# कर्नाटक में अपने ही बोझ तले बर्बाद हो रही राहुल गांधी की ‘खटाखट’ अर्थव्यवस्था : भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कहा कि राहुल गांधी की खटाखट अर्थव्यवस्था कर्नाटक में अपने ही बोझ तले बर्बाद हो रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि राज्य में नकद राशि बांटने के कांग्रेस के चुनावी वादे लागू करने के मामले में खोखले और झूठे साबित हुए हैं। इससे पहले, राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भाजपा एक ऐसे मॉडल का पालन करती है, जिसके तहत चुनिंदा अमीर लोगों को सारे पैसे और संसाधन मिल जाते हैं, जबकि कांग्रेस मॉडल में पैसा गरीबों के बैंक खातों और जेबों में डाला जाता है।

कांग्रेस नेता कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में होसपेट में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पात्र लाभार्थियों को एक लाख से अधिक संपत्ति के मालिकाना हक के दस्तावेज वितरित किए गए, जिनकी बिना दस्तावेज वाली बस्तियों को राजस्व गांव घोषित किया गया है। राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने ‘एक्स’ पर लिखा, राहुल गांधी की ‘खटाखट’ अर्थव्यवस्था अपने ही बोझ तले बर्बाद हो रही है। भंडारी ने कहा, वह जोर-शोर से दावा करते हैं कि गृह लक्ष्मी योजना के तहत कर्नाटक में महिलाओं को करोड़ों रुपये अंतरित किए गए हैं। लेकिन हकीकत यह है कि उनकी अपनी कांग्रेस सरकार मानती है कि पैसा नहीं है और देरी अपरिहार्य है।

उन्होंने कहा, ‘‘झूठे वादे, खोखले दावे - कांग्रेस का विशिष्ट मॉडल। केवल शोर, कोई काम नहीं!’’ राहुल गांधी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान वादा किया था कि विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता राशि लाभार्थियों के खातों में खटाखट, खटाखट’ जमा की जाएगी। भंडारी ने कांग्रेस पर ऐसे समय में कर्नाटक में अपनी सरकार के दो साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए भी निशाना साधा, जबकि पिछले 36 घंटे से बेंगलूरु में भारी बारिश ने शहर में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।





# ‘मातृछाया’ की 2 दिवसीय शॉपिंग प्रदर्शनी में मिला अच्छा रेस्पांस

## जरूरतमंद महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आयोजित हुई प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वीवीपुरम में होटल त्रिशला रेजीडेंसी में ’मातृछाया’ जैन महिला संगठन की ओर से समाज की जरूरतमंद महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से दो दिवसीय शॉपिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 47 स्टॉल लगाए गए। इस प्रदर्शनी में बताया गया कि प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ इस एक्जीबिशन में डिज़ाइनर सारीज, फैशनेबल ड्रेसेज़, इमीटेशन ज्वेलरी, गिफ्ट हेम्पर्स, सजावट के आइटम्स, लेडीज एक्सेसरीज, आकर्षक लेडीज बैग एवं पर्स, श्रृंगार सामग्री, हैंडलूम्स के स्टाल्स खानपान के आइटमों के अलावा मेंहदी आदि के स्टॉल लगाए गए। दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में दोनों दिन ग्राहकों का अच्छा रेस्पांस मिला और ग्राहकों ने अपनी आवश्यकतानुसार व महिलाओं के सहयोगार्थ जमकर खरीददारी की। इस प्रदर्शनी की मुख्य खासियत यह रही कि इस प्रदर्शनी में स्टॉल लगाने वाली महिलाओं से मातृछाया संस्था ने कोई भी शुल्क व किराया नहीं लिया। इसके पीछे संस्था का मुख्य उद्देश्य था कि जो महिलाएं आर्थिक रूप से कमजोर हैं या घर पर रहकर छोटा मोटा व्यापार कर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर रही है उन्हें एक सशक्त प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए। संस्था ने स्टॉल के साथ साथ सभी स्टॉल धारकों को संस्था की ओर से भोजन भी उपलब्ध कराया जो कि वास्तव में एक सराहनीय कार्य रहा। प्रदर्शनी में आने वाले अधिकतर लोगों को जब मातृछाया की इस उदारवादी भावना का पता चला तो सभी ने संस्था की सभी सदस्याओं की खूब सराहना की। मातृछाया की सभी सदस्याओं ने एकजुट होकर दोनों दिन जरूरतमंद महिलाओं को स्टॉल लगाने से लेकर मॉल बेचने तक में हर संभव सहयोग किया ताकि उन्हें बल मिल सके। प्रदर्शनी का अवलोकन करने मेवाड़ पैलेस के अध्यक्ष पुखराज मेहता, ब्यावर संघ युवा शाखा के अध्यक्ष ललित डाकलिया, राजस्थान संघ कर्नाटक के अध्यक्ष कैलाशचंद संकलेचा, तेजराज कोठारी, कुलदीप छाजेड़ सहित समाज के गणमान्यजन होटल पहुंचे। प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार को मुख्य प्रायोजक मोवन बिल्ड प्रो कम्पनी के मोवनदेवी घेवरचंद सुजानी परिवार के राजेश सुजानी, जीतो के एफसीपी जयंतीलाल बालर, पारसमल नागोरी, कांतिलाल राठौड़, मातृछाया की अध्यक्ष ललिता नागोरी, मार्गदर्शिका त्रिशला कोठारी ने किया। उद्घाटन के अवसर पर अध्यक्ष ललिता नागोरी ने सभी का स्वागत किया। सचिव रेशमा बड़ोला ने बताया कि इस एग्जीबिशन में हर 1 घंटे में लक्की ड्रा निकाला गया। प्रदर्शनी की संयोजिका पुष्पा बाफना एवं सह संयोजिका मोनिका पालरेचा, नियोजिका नीलम ललवानी व मातृछाया की पूरी टीम ने व्यवस्था संभाली।

## आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




आमंत्रण : बेंगलूरु के कांठा प्रांत जैन ट्रस्ट द्वारा कांठा प्रांत जैन समाज के खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से 22 मई से बीईएल खेल मैदान में केपीपीएल सीजन-7 मोतीलाल मुणोत कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुरू होने जा रहा है। ट्रस्ट के उत्तमचंद कोठारी एवं सिद्धार्थ बोहरा ने प्रायोजक महेंद्र मुणोत को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.